राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 339
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शनिवार 01 नवंबर 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा स्टेडियम सेक्टर-21 में 'रन फॉर यूनिटी' का भव्य आयोजन
पेज 4 समय से पहुंचे अध्यापक ऐसा तंत्र तैयार हो : हाईकोर्ट
पेज 6 हरमनप्रीत के आउट होने के बाद कैसी थी मानसिकता, जेमिमा ने

## संक्षिप्त खबरें

### उदयपुर में 20 करोड़ की अवैध गांजे की फसल पकड़ी गई, गुजरात-पंजाब में सप्लाई करने की थी योजना

**उदयपुर।** आदिवासी अंचल कोटडा में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और एनसीबी ने 50 बीघा जमीन पर फैली करीब 20 करोड़ रुपए की अवैध गांजे की फसल पकड़ी। इस खेत में 8 हजार से अधिक गांजे के पौधे उगाए गए थे, जिन्हें गुजरात और पंजाब में सप्लाई करने की योजना थी। एएनटीएफ और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीएफ) की चार टीमों ने मिलकर ऑपरेशन अंजाम दिया। पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि तस्कर लंबे समय से इस क्षेत्र में अवैध खेती कर रहे थे।

### कारोबारी ने पिता की हत्या कर खुद जान दी

**मथुरा।** मथुरा के वृंदावन में बीड़ी कारोबारी ने शराब पीने से टोकने पर पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद को भी गोली मार ली। परिजन दोनों को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने पिता सुरेश चंद्र अग्रवाल और बेटे नरेश अग्रवाल को मृत घोषित कर दिया। मामला थाना कोतवाली वृंदावन इलाके के गौरा नगर कॉलोनी का है। सुरेश चंद्र बीड़ी के बड़े कारोबारी थे। दिनेश बीड़ी के नाम कारोबार है। उनका कई राज्यों में कारोबार फैला था। कोलकाता में फैक्ट्री है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना के वक्त घर में मौजूद लोगों के बयान लिए गए हैं। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

## पंजाब में आतंकी पन्नू के 3 गुर्गे पकड़े

### 2 हजार में बठिंडा के स्कूलों में लिखे खालिस्तानी नारे

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने आतंकी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से जुड़े 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये बठिंडा के गांव भिस्सियाना और मननवाला के स्कूलों की दीवारों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिख रहे थे। यह कार्रवाई अमेरिका में बैठे संगठन के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू के इशारे पर की जा रही थी। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। बठिंडा एसएसपी अमनीत कौंडल ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह विदेश में बैठे पवनप्रीत सिंह उर्फ दीप चाहल (पन्नू का करीबी) के वह टच में थे। उसके कहने पर उन्होंने ये नारे लिखे थे। इस काम के लिए 2000 रुपए मिले थे। इससे पहले भी इसी साल पन्नू के लिए खालिस्तानी पोस्टर लगाने के कई मामले सामने आए। इनमें पन्नू और उसके सहयोगियों के खिलाफ 4 एफआईआर दर्ज हुई। इसमें 12 लोगों को अरेस्ट भी किया गया। पुलिस की शुरुआत जांच में सामने आया है कि आरोपियों को इसके लिए विदेश से फंडिंग हुई है। इसी कारण ये देशविरोधी गतिविधियों में शामिल हुए। तीनों भड़काऊ नारे लिखकर अशांति फैलाने की कोशिश में थे।

## सोनम वांगचुक टाइम मैगजीन के 100 प्रभावशाली लोगों में शामिल

### पत्नी बोलीं- हमारी सरकार उन्हें एंटी-नेशनल बता रही; लद्दाख हिंसा मामले में जेल में हैं

नई दिल्ली। सोनम वांगचुक को टाईम मैगजीन ने 'द 100 मोस्ट इंफ्लुएंशियल क्लाइमेट लीडर्स ऑफ 2025' की लिस्ट में जगह दी है। मैगजीन ने लिखा- वांगचुक एक इंजीनियर, शिक्षाविद और सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

पिछले महीने उन्हें लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के प्रदर्शन के चलते गिरफ्तार किया गया था। वो पिछले एक दशक से प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा, कृत्रिम ग्लेशियर बनाने में नई वैज्ञानिक तकनीकों को शामिल करने का काम कर रहे हैं।

वांगचुक की पत्नी ने एक्स पर लिखा- टाइम मैगजीन उन्हें दुनिया के 100 प्रभावशाली लोगों में शामिल कर रही है। हमारी सरकार उन्हें एंटी-नेशनल करार दे रही है। सरकार की तरफ से कहा जा रहा है कि उनसे (सोनम वांगचुक) देश की सुरक्षा को खतरा है।

10 सितंबर को लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा, छठी अनुसूची आदि मांगों को लेकर वांगचुक और उनके समर्थक भूख हड़ताल पर बैठे थे। 24 सितंबर को लेह में बंद का आह्वान भी किया गया।

इसके बाद कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के लोगों ने भी इस बंद को समर्थन दिया और ये ऐलान किया कि पूरे लद्दाख में बंद रखा जाएगा।

इसके बाद लेह में ये बंद हिंसक हो गया। हिंसा में कम से कम 60 लोग घायल हुए। देर रात एक बयान में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हिंसा के लिए सोनम वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया।



मंत्रालय ने कहा कि वांगचुक ने 'अरब स्प्रिंग' और 'जेन जी' आंदोलनों का हवाला देकर भीड़ को उकसाया। फिर हिंसा के बाद वांगचुक ने बयान जारी किया और अपना 15 दिन का उपवास तोड़ते हुए युवाओं से शांति बनाए रखने की अपील की थी। वो फिलहाल एनएसए यानी राष्ट्रीय सुरक्षा कानून समेत अन्य धाराओं में जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं।

## भारत-चीन बॉर्डर पर भारी बर्फबारी, सिक्किम में रेड अलर्ट

### छत्तीसगढ़ में बारिश, कई ट्रेनें लेट; यूपी में धान की फसल बर्बाद

नई दिल्ली। भारत-चीन सीमा के लगे इलाकों में शुक्रवार को भारी बर्फबारी हुई, जिससे पूरे सिक्किम में तापमान में भारी गिरावट आई। कई ऊंचाई वाले इलाकों में पारा जीरो से नीचे चला गया, जिससे इन रास्तों पर यातायात प्रभावित हो गया है।

नाथुला, कुपुप और त्सोम्गो (चांगू) झील और उसके आसपास सुबह से ही भारी से बहुत भारी बर्फबारी दर्ज की गई। आईएमडी ने सिक्किम के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जिसमें अगले 24 घंटों में मौसम की खराब होने की चेतावनी है।

अधिकारियों ने पर्यटकों और ट्रांसपोटर्स से ऊंचाई वाले इलाकों की यात्रा न करने की सलाह दी है क्योंकि बर्फ जमा होने के कारण सड़कें



फिसलन भरी हो गई हैं। सीमा सड़क संगठन टीमें बर्फ हटाने के लिए लगातार काम कर रही हैं।

आईएमडी ने बंगाल के कई जिलों में अगले 24 घंटे में मध्यम बारिश की चेतावनी दी है।

यूपी के वाराणसी, बलिया और मऊ सहित कई जगह बारिश से खेत डूबे, कटी धान की फसल खराब हो रही है।

चक्रवाती तूफान मोन्था से छत्तीसगढ़ में तेज बारिश जारी है। कई ट्रेनें रूट बदलकर चल रही हैं और 29 घंटे तक लेट हैं, जिससे केरल, ओडिशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र और दिल्ली के यात्री प्रभावित हैं।

## मोहम्मद अजहरुद्दीन रेवंत रेड्डी सरकार में मंत्री बने

**हैदराबाद।** पूर्व क्रिकेटर और एमएलसी मोहम्मद अजहरुद्दीन ने शुक्रवार को तेलंगाना सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। राजभवन में उन्हें तेलंगाना गवर्नर जिष्णु देव वर्मा ने शपथ दिलाई। वे राज्य के 16वें मंत्री होंगे। उधर, भाजपा ने अजहरुद्दीन के मंत्री बनाए जाने का विरोध किया है। भाजपा का कहना है कि जुबली हिल्स विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने से यह आचार संहिता का उल्लंघन है। कांग्रेस तुष्टिकरण की की राजनीति कर रही है। भाजपा ने गुरुवार को राज्य चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की है। दरअसल, तेलंगाना की जुबली हिल्स विधानसभा सीट पर 11 नवंबर को उपचुनाव होने हैं। इस सीट पर मुस्लिम मतदाता 30त्न हैं। माना जा रहा है कि अजहरुद्दीन की कैबिनेट में एंट्री से कांग्रेस को फायदा मिलेगा। अजहरुद्दीन 2023 में इसी सीट से चुनाव हार चुके हैं। वहीं, तेलंगाना की कांग्रेस सरकार में अभी एक भी मुस्लिम मंत्री नहीं था।

## दिल्ली में मौतों की सबसे बड़ी वजह बना वायु प्रदूषण, रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली।** वायु प्रदूषण दिल्ली के लोगों के लिए सबसे बड़ा स्वास्थ्य जोखिम बना हुआ है। वर्ष 2023 में वायु प्रदूषण के चलते दिल्ली में सबसे ज्यादा मौतें हुईं। ग्लोबल बर्डन आफ डिजीज के अध्ययन में कहा गया है कि 2023 में राष्ट्रीय राजधानी में 15 प्रतिशत मौतों के पीछे बड़ी वजह वायु प्रदूषण रहा। इंस्टीट्यूट फार हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन ने इस महीने की शुरुआत में जीबीडी की रिपोर्ट का विश्लेषण किया। इसमें पाया गया कि वायु में मौजूद प्रदूषण के संपर्क में आने से दिल्ली में दो साल पहले अनुमानतः 17,188 मौतें हुईं। इसका मतलब है कि शहर में हर सात में से एक मौत प्रदूषित हवा से जुड़ी थी।

### सीधे संबंध के लिए कोई निर्णायक डाटा नहीं

हालांकि, केंद्र सरकार ने यह कहा है कि वायु प्रदूषण और मौतों के बीच सीधे



संबंध स्थापित करने के लिए कोई निर्णायक डाटा उपलब्ध नहीं है। जीबीडी का अध्ययन दुनिया की सबसे व्यापक शोध परियोजनाओं में से एक है। यह सभी देशों और आयु वर्गों में लोगों की मृत्यु कैसे होती है और वे कैसे बीमार होते हैं, इसका आकलन करता है। ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र के शोधकर्ताओं ने कहा कि साल-दर-साल उतार-चढ़ाव के बावजूद वायु प्रदूषण के कारण होने वाली मौतें लगातार उच्च स्तर पर बनी हुई हैं। अक्सर उच्च रक्तचाप या मधुमेह से भी ज्यादा मौतें वायु प्रदूषण के कारण हो रही हैं। सीआरईए के विश्लेषक मनोज कुमार ने कहा कि वायु प्रदूषण केवल पर्यावरण से जुड़ी समस्या नहीं है। यह एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है।

इसके लिए प्रदूषणकारी क्षेत्रों में विज्ञान-आधारित कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि प्रदूषण में कमी लाई जा सके। जब तक दिल्ली की वायु गुणवत्ता में पर्याप्त सुधार नहीं होता, प्रदूषण से संबंधित बीमारियों, विशेषकर श्वसन संबंधी बीमारियों, हृदय रोग, स्ट्रोक और फेफड़ों के कैंसर से स्वास्थ्य संबंधी बोझ बढ़ता रहेगा।

### वर्ष 2023 में दिल्ली में होने वाली मौतों के प्रमुख कारण

वायु प्रदूषण-15 प्रतिशत
रक्तचाप-12.5 प्रतिशत
मधुमेह-9 प्रतिशत
हाई कोलेस्ट्राल-6 प्रतिशत
हाई बाडी मास इंडेक्स-5.6 प्रतिशत



## हैप्पी मॉर्निंग

मृत्यु के बाद स्वर्ग पहुंचने पर आदमी ने यमराज से पूछा- मैं इतना बड़ा शराबी सारा दिन नशे में टुन, मुझे स्वर्ग कैसे मिला प्रभु? यमराज- बिना अन्न का एक दाना खाए, तू जो शराब के साथ सलाद खाकर सो जाता था, टेक्निकली उसे उपवास में काउंट कर लिया है......



## शायरी

बाज़ार-ए-बोसा तेज़ से है
तेज़-तर 'ज़फ़र'
उम्मीद तो नहीं कि ये महँगाई
ख़त्म हो

## अर्थसार



सेंसेक्स:
83,938.71
-465.75 (0.55%)
निफ्टी:
25,722.10
-155.75

## मौसम



अधिकतम : 30 डिग्री से0
न्यूनतम : 17 डिग्री से0
सूयोदय रविवार : 6 : 38
सूर्यास्त शनिवार : 5 : 46

## खड़गे बोले-आरएसएस पर बैन लगे, सरदार पटेल ने यही किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कांग्रेस की आलोचना को लेकर पीएम मोदी पर पलटवार किया। खड़गे ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर बैन लगा देना चाहिए। खड़गे ने कहा- ये मेरा विचार है और मैं खुलकर बोलूंगा कि आरएसएस पर बैन लगाना चाहिए। अगर पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सरदार वल्लभ भाई पटेल के विचारों का सम्मान करते हैं तो ऐसा करें। देश में भाजपा-आरएसएस के कारण कानून-व्यवस्था की दिक्कतें हो रही हैं।

**मोदी-शाह उनके विचारों का सम्मान करते हैं तो यह करके दिखाएं**



कांग्रेस अध्यक्ष ने 18 जुलाई 1948 को तत्कालीन गृह मंत्री सरदार पटेल के एक लेटर का भी हवाला दिया, जिसमें उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को कहा था कि आरएसएस ने ऐसा माहौल बनाया, जिससे महात्मा गांधी की हत्या हुई। दरअसल, एक पत्रकार ने खड़गे से पूछा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सरदार पटेल ने उस विचारधारा पर बैन लगाया, जिससे भाजपा निकली। अब फिर से एक लौह पुरुष की जरूरत है, जो उस विचारधारा पर प्रतिबंध लगाए। क्या आरएसएस पर प्रतिबंध लगाना चाहिए? खड़गे ने इसका जवाब दिया।

## देशभर के 1,466 पुलिस कर्मियों को मिलेगा केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को मार गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के 40 कर्मियों सहित देशभर के 1,466 पुलिस कर्मियों को वर्ष 2025 के लिए केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक से सम्मानित किया जाएगा।

## जमीन विवाद में डबल मर्डर... कुल्हाड़ी से काट डाला

**जमीन के लिए यादव और नागवंशी परिवार भिड़ा, हथियार लेकर आए थे, एक दूसरे पर किया अटैक**



**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में यादव और नागवंशी परिवार में जमीन विवाद को लेकर डबल मर्डर हो गया। खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों ने एक-एक युवक को कुल्हाड़ी से काट डाला। वारदात के बाद गांव में तनाव का माहौल है। जमीन विवाद में लंबे समय से चल रहा है। मामला पत्थलगांव थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक मृतकों का नाम चकरो यादव (52) और पुस्तम उर्फ नान्ही नागवंशी (30) है, जो पाकरगांव के बैगापारा के निवासी थे। दोनों खेती-किसानी का काम करते थे। सरकारी जमीन के स्वामित्व को लेकर लड़ाई हो रही थी। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### जानिए क्या है पूरा मामला ?

दरअसल, 30 अक्टूबर की रात करीब 9:30 बजे पाकरगांव में सरकारी जमीन के स्वामित्व को लेकर नागवंशी परिवार और यादव परिवार के बीच विवाद हो गया। इसके कुछ देर बाद नागवंशी परिवार के करीब 12 लोग हथियारों के साथ गिरोधर यादव के घर पहुंचे।

इस दौरान पुस्तम नागवंशी परिवार के हथियारबंद लोगों ने गिरोधर यादव के घर के दरवाजे और खिड़कियां को तोड़ने की कोशिश की। उस समय गिरोधर घर के अंदर मौजूद था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसने अपने बड़े भाई चकरो यादव को मदद के लिए कॉल किया।

## गुजरात में आप की किसान महापंचायत

### केजरीवाल बोले- पुलिस हटा दें तो गुजरात में भाजपावालों को किसान दौड़ा-दौड़ाकर मारेंगे

सुरेंद्रनगर। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि यदि एक दिन के लिए पुलिस हटा दी जाए तो गुजरात में भाजपा वालों को किसान दौड़ा-दौड़ाकर मारेंगे और जीना हराम कर देंगे। गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले के वंटावच्छ गांव में किसान महापंचायत को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने



भाजपा पर तीखे हमले किए। किसान महापंचायत का आयोजन आम आदमी पार्टी की ओर से किया गया था। किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। दिल्ली के पूर्व सीएम ने कहा, '30 साल से किसानों ने भाजपा को वोट दिया, भर-भरकर वोट दिया। 30 साल से आपने इसलिए वोट दिया कि हमारे बच्चों को जेल भेजेंगे ये लोग। भाजपा ने बहुत मलाई खा ली है, अब इन्हें लूटने नहीं देंगे।

## इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर राहुल गांधी ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी 41वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी के नेता राहुल गांधी ने कहा कि वह शक्तिशाली लोगों का सामना करते समय निर्भीक और अडिग थीं और उन्होंने हमें सिखाया कि भारत का आत्म-सम्मान सबसे महत्वपूर्ण है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में कहा, भारत की इंदिरा निर्भीक, दृढ़ और शक्तिशाली का सामना करते हुए अडिग। दादी, आपने हमें सिखाया कि भारत की पहचान और आत्म-सम्मान से अधिक महत्वपूर्ण कुछ नहीं है। आपका साहस, करुणा और देशभक्ति हर कदम पर मुझे प्रेरित करते हैं। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी अपनी दादी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने भी एक्स पर हिंदी में पोस्ट में कहा, मैंने आपसे निर्भीकता सीखी, आपसे देशभक्ति का ज्ञान प्राप्त किया, आपसे सेवा की भावना समझी, आपसे महिला की शक्ति का अनुभव किया.. आप हमेशा लाखों दिलों में जीवित रहेंगी और मेरा दिल भी उनमें से एक है।

## चमोली में फूलों की घाटी शीतकाल के लिए बंद

### 15,924 टूरिस्ट पहुंचे, 416 विदेशी सैलानी शामिल; 33 लाख की कमाई हुई

**चमोली।** चमोली स्थित विश्व धरोहर स्थल फूलों की घाटी को शीतकाल के लिए शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे से बंद कर दिया गया। हर साल की तरह इस साल भी घाटी को 1 जून को पर्यटकों के लिए खोला गया था इस पर्यटन सत्र के दौरान कुल 15,924 पर्यटकों ने घाटी की खूबसूरती का दीदार किया, जिनमें 416 विदेशी सैलानी शामिल थे।

पार्क प्रशासन को इस दौरान लगभग 33 लाख रुपए की आय हुई,



जो पिछले सालों की तुलना में कुछ कम रही। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, नवंबर से अप्रैल तक इस क्षेत्र में भारी बर्फबारी होती है, जिससे घाटी पूरी तरह बर्फ की चादर में ढक जाती है और आवाजाही असंभव हो जाती है। साथ ही, दुर्लभ वन्य जीवों और वनस्पतियों की सुरक्षा के मद्देनजर इस अवधि में पर्यटकों का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाता है।

**आवारा कुत्ते**

### कहा- सभी मुख्य सचिव सो रहे; हमारे आदेश का सम्मान नहीं, आने दीजिए, हम निपटेंगे

## आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट ने सरकारों से फिर मांगा जवाब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आवारा कुत्तों से जुड़े केस में सुनवाई करते हुए सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट देने की याचिका खारिज कर दी।

जस्टिस नाथ ने कहा, जब हम मुख्य सचिवों से हलफनामा दाखिल करने के लिए कहते हैं, तो वे इस पर चुप्पी साधे रहते हैं। हमारे आदेश का कोई सम्मान नहीं है। तो ठीक है, उन्हें आने दीजिए। हम उनसे निपट लेंगे।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य सचिवों को 3 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। इससे पहले 27 अक्टूबर को कोर्ट ने पश्चिम बंगाल और तेलंगाना को छोड़ सभी राज्यों के मुख्य सचिवों से जवाब मांगा था।

सुप्रीम कोर्ट आवारा कुत्तों के काटने से होने वाले रेबीज के बारे में एक मीडिया रिपोर्ट पर एक्शन लेते 28 जुलाई से मामले की सुनवाई कर रहा है।

### 22 अगस्त- कोर्ट ने बढ़ाकर पूरे देश में कर दिया था

22 अगस्त को हुई पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों से जुड़े केस का दायरा दिल्ली-एनसीआर से बढ़ाकर पूरे देश में कर दिया था और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इसमें पार्टी बनाने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा था, जिन कुत्तों को पकड़ा जाता है, उनकी नसबंदी और टीकाकरण कर जहां से उठाया है, वहीं वापस छोड़ दिया जाए।

हालांकि, रेबीज से संक्रमित और आक्रामक व्यवहार वाले कुत्तों को शेल्टर होम में ही रखा जाए। कोर्ट ने 11 अगस्त के 2 जजों की बेंच के उस आदेश को बेहद सख्त बताया था, जिसमें सभी आवारा कुत्तों को 8 हफ्तों में दिल्ली-एनसीआर के रहवासी इलाकों से हटाकर हमेशा के लिए शेल्टर होम में भेजने कहा था।



# संपादकीय

## नकली बारिश : भाजपा की विफलता का एक और सबूत



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

दिल्ली की हवा आजकल जहरीली सांस बन चुकी है। प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ गया है कि सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। इसी संकट के बीच भाजपा सरकार ने एक नया तीर चलने की कोशिश की ङ्क नकली बारिश। क्लाउड सीडिंग तकनीक से कृत्रिम वर्षा पैदा करने का दावा किया गया, लेकिन यह प्रयास पूरी तरह फिसड्डी साबित हुआ। 28 अक्टूबर 2025 को आईआईटी कानपुर के सहयोग से किए गए दो ट्रायल्स में एक बूंद पानी भी नहीं गिरा। यह न केवल सरकारी लापरवाही का प्रमाण है, बल्कि भाजपा की खोखली लोकलुभावन राजनीति का भी एक और सबूत। लगभग 60 लाख रुपये के खर्च पर यह सर्कस चलाया गया, लेकिन नतीजा शून्य। आम आदमी पार्टी (आप) ने इसे क्रेडिट चोरी का नाम दिया है, जो भाजपा की पुरानी आदत बन चुकी है।

दिल्ली में सर्दियों का मौसम आते ही प्रदूषण का भूत सिर चढ़कर बोलता है। पराली जलाना, वाहनों का धुआं, निर्माण कार्यों की धूल ङ्क ये सब मिलकर शहर को स्मॉग का कवच पहना देते हैं। पिछले सालों में आप सरकार ने ऑड-ईवन, रोड रेशनिंग और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देकर प्रदूषण पर लगाम लगाने की कोशिश की। लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने हमेशा बाधा डाली। अब जब भाजपा दिल्ली में सत्ता संभाल रही है, तो उम्मीदें बढ़ीं कि ठोस कदम उठेंगे। लेकिन नकली बारिश का यह ड्रामा सब कुछ उजागर कर गया। मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने दावा किया कि ट्रायल %100न्न सफल% रहा, क्योंकि इसका मकसद नमी के स्तर पर डेटा इकट्ठा करना था। लेकिन हकीकत यह है कि बादलों में नमी 15-20 प्रतिशत ही थी, जो वर्षा के लिए अपर्याप्त थी। फिर भी, सरकार ने हेडलाइन मैनेजमेंट के लिए 3.21 करोड़ का प्रोजेक्ट मंजूर किया, जिसमें प्रत्येक ट्रायल पर 64 लाख खर्च हो रहे हैं।

आप नेता सौरभ भारद्वाज ने तंज कसा, भाजपा वाले सोमवार की प्राकृतिक बूंदाबांदी को भी अपना क्रेडिट लेने को तैयार थे। इंद्र देव आएंगे तो बताएंगे कि बारिश नकली थी या असली! प्रियंका कक्कड़ ने कहा, करोल बाग, मयूर विहार, बुराड़ी में एक बूंद भी नहीं गिरी, फिर भी झूठ बोला गया। यह विडंबना है कि केंद्र सरकार ने दिसंबर 2024 में ही क्लाउड सीडिंग को वैज्ञानिक रूप से असंभव बताया था। आप ने 2022-24 में कई पत्र लिखे, लेकिन अनुमति नहीं मिली। अब भाजपा सत्ता में आते ही इसे जादू की छड़ी बना देना चाहती है, बिना वैज्ञानिक आधार के। वैश्विक स्तर पर क्लाउड सीडिंग की सफलता विवादास्पद है ङ्क ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ बढ़ाने में तो काम करती है, लेकिन गर्म मौसम की वर्षा में नहीं। दिल्ली जैसे घनी आबादी वाले शहर में तो यह जोखिम भरा भी हो सकता है, क्योंकि रसायनों का छिड़काव स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है।

यह घटना भाजपा की विफलताओं की लंबी फेहरिस्त में एक और कड़ी जोड़ती है। याद कीजिए यमुना सफाई का नाटक। छठ पूजा से पहले यमुना को रातोंरात साफ करने का दावा किया गया, लेकिन अगले ही दिन कचरा और झाग लौट आया। आप ने इसे नकली यमुना कहा, जो प्रधानमंत्री के लिए फोटो ऑप था। भाजपा ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा से पानी डायवर्ट कर क्लीन-अप का ढोंग रचा, लेकिन स्थायी समाधान का नामोनिशान नहीं। इसी तरह, दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (कैक) की बैठकें होती हैं, लेकिन फैसले कागजों पर अटक जाते हैं। पराली जलाने पर स्टबल मैनेजमेंट मशीनें दी जाती हैं, लेकिन किसानों को सब्सिडी नहीं। नतीजा एक्यूआई 400 पार हो जाता है। भाजपा की केंद्र सरकार ने ग्रीन हाइड्रोजन मिशन और इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी की घोषणा की, लेकिन अमल धीमा। दिल्ली मेट्रो का विस्तार रुका हुआ है, क्योंकि फंडिंग में देरी। ये सब मिलकर साबित करते हैं कि भाजपा विकास के नाम पर सिर्फ प्रचार करती है, काम नहीं।

भाजपा की यह रणनीति नई नहीं। 2014 से अच्छे दिन का वादा कर रही है, लेकिन महंगाई, बेरोजगारी और पर्यावरण संकट बढ़े हैं। दिल्ली में 2024 चुनावों में वायु प्रदूषण बड़ा मुद्दा था, लेकिन जीत के बाद भूल गई। क्लाउड सीडिंग फेल होने पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र साचदेवा ने इसे पहले प्रयास की सीख कहा, लेकिन सवाल यह है कि जनता का पैसा क्यों बर्बाद? आप ने सुझाव दिया कि फंड प्रदूषण नियंत्रण उपायों पर लगे, जैसे ज्यादा पेड़ लगाना या सार्वजनिक परिवहन मजबूत करना। लेकिन भाजपा को वैज्ञानिक समाधान से परहेज है; उसे तो सिर्फ मोदी मॉडल का ढिंढोरा पीटना है।

अंत में, नकली बारिश भाजपा की नकली प्रतिबद्धता का प्रतीक है। दिल्लीवासी सांस के लिए तरस रहे हैं, लेकिन सरकार %सर्कस% चला रही है। अगर भाजपा सच्चे इरादे रखती, तो लंबे समय के उपाय अपनाती ङ्क जैसे सख्त कानून, अंतरराज्यीय सहयोग और जनभागीदारी। लेकिन विफलता का यह सिलसिला जारी रहा, तो 2025 के विधानसभा चुनावों में जनता जवाब देगी। प्रदूषण सिर्फ हवा का नहीं, बल्कि भाजपा की नीतियों का भी है। समय है जागने का, वरना नकली सब कुछ बन जाएगा - हवा, पानी, यहां तक कि लोकतंत्र भी।


## साइबर ठगी का जाल

शायद ही कोई दिन ऐसा जाता होगा जब कोई बुजुर्ग या आम लोग साइबर ठगी के शिकार न हुए हों। पिछले दिनों महाराष्ट्र में एक सेवानिवृत्त जज भी डिजिटल अरेस्ट स्कैम के शिकार हो गए। पिछले सप्ताह ऐसा ही एक अन्य दुखद मामला पुणे से सामने आया जब साइबरों ठगों ने एक 82 वर्षीय सेवानिवृत्त अधिकारी को डिजिटल हाउस अरेस्ट स्कैम में फंसाकर 1.19 करोड़ लूट लिए। कई दिन के मानसिक उत्पीड़न व आर्थिक क्षति से टूट गए वृद्ध की आखिर सदमे से मौत हो गई। यह विचारणीय पहलू है कि कैसे पढ़े-लिखे लोग साइबर ठगों की साजिश की गिरफ्त में आ जाते हैं। वैसे आम आदमी को साइबर ठगों व फर्जी फोन कॉल्स से बचाने के लिये पुख्ता व्यवस्था होना बेहद जरूरी है। आम लोगों की सुविधा व सुरक्षा के लिये सरकार के प्रयासों के बाद अब दूरसंचार विभाग ने मार्च 2026 में ऐसी व्यवस्था लागू करने के तैयारी की, जिसमें बिना ट्रू-कॉलर के खुद मोबाइल अवांछित फोन के प्रति सजग करेगा। नियामक संस्था ट्राई ने इस प्रस्ताव पर सहमति जतायी है। यह विडंबना ही कि जैसे-जैसे नई तकनीक आम आदमी के जीवन में सुविधा लाती है, वहीं असामाजिक तत्व उसे लूट-खसोट का हथियार बनाने में आगे निकल जाते हैं। देश में इंटरनेट सेवाओं के विस्तार और मोबाइल फोन की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि के साथ ही साइबर अपराधों में खासी तेजी आई है। जरा सी चूक होने पर लाखों लोग, साइबर धोखाधड़ी में अपने जीवनभर की पूंजी कुछ ही क्षणों में गवां देते हैं। अपराधियों का संजाल इतना विस्तृत व रहस्यमय है कि प्रवर्तन एजेंसियां जब तक उन तक पहुंचती हैं, पैसा विदेशों में ट्रांसफर हो जाता है। इस संकट का एक पहलू अनजान नंबरों से आने वाली फोन कॉल्स होती हैं, जिसके जरिये अपराधी लोगों को भ्रमित कर जीवन की जमा पूंजी लूट लेते हैं। दरअसल, संचार क्रांति के चलते तमाम सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हुई हैं, लेकिन इस सुविधा के साथ पुरानी पीढ़ी साम्य नहीं बैठा पाती है।

अब इसी चुनौती को दूर करने के लिये दूरसंचार विभाग आम उपभोक्ता को ऐसी सुविधा देने जा रहा है, जिसमें फोन करने वाले को पहचाना जा सकेगा। फोन पर कॉल करने वाले व्यक्ति का नाम लिखा नजर आएगा। फिर व्यक्ति अपनी सुविधा अनुसार फोन कॉल्स लेना तय कर सकता है। दूरसंचार नियामक ट्राई की मंजूरी के बाद इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है। हालांकि, फोन करने वाले व्यक्ति की जानकारी जुटाने के कई ऐप अभी भी मौजूद हैं, लेकिन उनका उपयोग कुछ ही लोग कर पाते हैं। वैसे ऐसा निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि ऐप द्वारा दी जाने वाली सूचना सटीक है।

# जानलेवा प्रदूषण, सरकारों की शर्मनाक नाकामी

-ललित गर्ग-



भारत की वायु में जहर घुल चुका है। हाल ही में चिकित्सा जनरल में प्रकाशित एक अध्ययन ने यह निष्कर्ष दिया है कि 2010 की तुलना में 2022 में हवा में जानलेवा साबित होने वाले पीएम 2.5 कणों की मात्रा 38 प्रतिशत बढ़ चुकी है। इस वृद्धि का परिणाम यह हुआ कि भारत में सत्रह लाख से अधिक लोगों की अकाल मृत्यु वायु प्रदूषण के कारण हुई। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि मानवता की उस सांस का हिसाब है जो हमारे शहरों, गांवों और जीवन से हर दिन छीनी जा रही है। प्रदूषण अब केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं रह गया है, यह हमारे विकास, अर्थव्यवस्था और सामाजिक न्याय के ढांचे पर गहरी चोट कर रहा है। यह भी सहज ही समझा जा सकता है कि 2022 की तुलना में अब वायु प्रदूषण ने और गंभीर रूप लेते हुए जानलेवा हो गया है, क्योंकि बीते तीन वर्षों में इस समस्या के समाधान के लिए ठोस उपाय किए ही नहीं गए। इसका प्रमाण यह है कि इन दिनों दिल्ली समेत देश के अनेक शहर बुरी तरह प्रदूषण की चपेट में हैं। यह न केवल सरकार की शर्मनाक नाकामी है बल्कि भयावह और बेहद दर्दनाक भी है।

'द लेंसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ ऐंड क्लाइमेट चेंज 2025' रिपोर्ट केवल तथ्य नहीं, एक गंभीर चेतावनी है। लैंसेट की रिपोर्ट ही नहीं, अलग-अलग वर्षों में विभिन्न संस्थाओं के अध्ययनों ने भी कुछ इसी तरह के चिन्ताजनक आंकड़े पेश किए हैं। भारत की विशाल आबादी के कारण भी यह संख्या बड़ी हो सकती है, मगर यह समस्या गंभीर चिंतन और तत्काल निवारक कदम उठाए जाने की मांग करती है। भारत में प्रदूषण केवल औद्योगिक उत्पादन या वाहनों की बढ़ती संख्या से नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली, असंतुलित शहरीकरण और अनियोजित निर्माण से भी बढ़ रहा है। हर शहर में धूल, धुआं और अव्यवस्था की परतें जमी हैं। निर्माण स्थलों से उठने वाली धूल, खेतों में पराली जलाने की आदत, घरेलू ईंधनों का अंधाधुंध उपयोग और बढ़ते वाहनों की भीड़-ये सब मिलकर वातावरण को घुटनभरा एवं जानलेवा बना रहे हैं। हमारे शहर अब सांसों के शत्रु बन गए हैं। बढ़ते प्रदूषण की पीड़ा नीति-निर्धारकों से नहीं, उन लोगों से पूछिए, जो खांसते-खांसते बेदम हो जाते हैं और आखिरकार कई के फेफड़े-हृदय उनका साथ देना बंद कर देते हैं। विडंबना यह है कि इनमें से ज्यादातर उस गलती की सजा भुगतने को अभिशप्त हैं, जो उन्होंने नहीं की।

वायु में मौजूद सूक्ष्म कण अब हर सांस में जहर बनकर प्रवेश कर रहे हैं। इस प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता है। कोयला, पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों ने न केवल हवा को जहरीला बनाया है बल्कि हमारे अस्तित्व की नींव को भी कमजोर कर दिया है। इन स्रोतों से होने वाले उत्सर्जन के कारण लाखों लोग असमय काल के ग्रास बन रहे हैं, लेकिन ऊर्जा नीति में सुधार की गति अत्यंत धीमी है। सरकारें बार-बार स्वच्छ ऊर्जा की बात करती हैं, योजनाएं बनाती हैं, लक्ष्य घोषित करती हैं, पर उनका क्रियान्वयन न के बराबर होता है। सबसे गंभीर तथ्य यह है कि इस प्रदूषण के शिकार सबसे अधिक वे लोग हैं जो इसके निर्माता नहीं हैं। गरीब मजदूर, झुग्गियों में रहने वाले, बच्चे और बुजुर्ग-ये सभी उस वायु के दंश झेल रहे हैं जिसका लाभ अमीरों ने उठाया है। एक ताजा अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट के अनुसार, अमीर तबके का प्रदूषण में योगदान अत्यधिक है।

पेरिस स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स की 'जलवायु असमानता रिपोर्ट 2025' बताती है कि विश्व के सबसे धनी लोग अपनी संपत्ति और निवेशों के माध्यम से जलवायु संकट को बढ़ा रहे हैं। वैश्विक कार्बन उत्सर्जन के 41 प्रतिशत के लिए निजी पूंजी जिम्मेदार है। इसका अर्थ यह हुआ कि प्रदूषण का असली निर्माता संपन्न वर्ग है, जबकि उसकी कीमत गरीब वर्ग अपनी सांसों और जीवन से चुका रहा है।

यह असमानता केवल आय की नहीं, बल्कि पर्यावरणीय न्याय की भी है। अमीरों के पास बड़े वाहन हैं, विशाल भवन हैं, आलीशान जीवनशैली है, और वे जीवाश्म ईंधनों पर आधारित उद्योगों में निवेश करते हैं। दूसरी ओर, गरीबों के पास न तो स्वच्छ ऊर्जा है, न शुद्ध हवा। जो अमीर लोग निजी विमानों और विलासितापूर्ण संसाधनों का उपयोग करते हैं, वे एक सामान्य नागरिक की तुलना में सैकड़ों गुना अधिक प्रदूषण फैलाते हैं। यह असंतुलन हमारे समाज को विषमता और अन्याय की ओर धकेल रहा है।

सरकारों की नीतिगत विफलता इस त्रासदी का दूसरा बड़ा कारण है। प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए योजनाएं तो बनती हैं, पर उनमें न तो स्थायित्व होता है, न गंभीरता। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं, निगरानी तंत्र कमजोर है, और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई नगण्य है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच जिम्मेदारी का बंटवारा अस्पष्ट है। हर साल सर्दियों में दिल्ली और उत्तर भारत के अन्य शहरों की हवा जहरीली हो जाती है, तब कुछ दिन के लिए 'आपात कदम' उठाए जाते हैं, पर जैसे ही धुंध छंटती है, सब कुछ फिर पहले जैसा हो जाता है।

नीतियों में पारदर्शिता का अभाव और उद्योगपतियों का दबाव भी एक गहरी समस्या है। कोयला आधारित उद्योगों, पेट्रोलियम कंपनियों और निर्माण व्यवसाय से जुड़ी लॉबी सरकारों पर ऐसा प्रभाव बनाए रखती हैं कि कठोर कदम उठाना राजनीतिक दृष्टि से असुविधाजनक बन जाता है। स्वच्छ ऊर्जा की ओर संक्रमण को हमेशा 'महंगा विकल्प' बताकर टाला जाता है, जबकि वास्तव में यह निवेश मानव जीवन और पर्यावरण की सुरक्षा में है। वायु प्रदूषण का संकट केवल वातावरण में धूल और धुएं का मामला नहीं है, यह आर्थिक अन्याय, राजनीतिक असंवेदनशीलता और सामाजिक उदासीनता का प्रतीक बन चुका है।

जो सरकारें जनजीवन सुधारने का वादा करती हैं, वे हवा की गुणवत्ता सुधारने में विफल रही हैं।


आंकड़े बताते हैं कि वायु प्रदूषण से भारत की अर्थव्यवस्था को हर साल सकल घरेलू उत्पाद का लगभग दस प्रतिशत तक का नुकसान हो रहा है। यह नुकसान केवल पैसों में नहीं, बल्कि मानव संसाधन की हानि, स्वास्थ्य पर बोझ और जीवन की गुणवत्ता में गिरावट के रूप में भी दिखाई देता है।

अब समय है कि इस संकट को केवल पर्यावरणीय मुद्दा न मानकर एक सामाजिक और नैतिक चुनौती के रूप में देखा जाए। हवा का अधिकार हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, लेकिन यह अधिकार धीरे-धीरे छिनता जा रहा है। अमीरों को अपनी जीवनशैली पर संयम लाना होगा, अपने निवेशों को स्वच्छ ऊर्जा की ओर मोड़ना होगा, और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों से दूरी बनानी होगी। सरकारों को सख्त नीति बनानी चाहिए, जो न केवल प्रदूषण फैलाने वालों को दंडित करे बल्कि स्वच्छ प्रौद्योगिकी अपनाने वालों को प्रोत्साहन दे।

नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। जब तक जनता स्वयं इस समस्या को अपने जीवन का हिस्सा मानकर आवाज नहीं उठाएगी, तब तक राजनीतिक इच्छाशक्ति जागृत नहीं होगी। हर व्यक्ति को यह समझना होगा कि प्रदूषण से बचाव केवल मास्क लगाने से नहीं होगा, बल्कि सोच और जीवनशैली बदलने से होगा। वायु प्रदूषण एक सामूहिक अपराध बन गया है जिसमें अपराधी कम और पीड़ित अधिक हैं। अब यह वक्त है जब विकास की परिभाषा में स्वच्छ हवा और सुरक्षित वातावरण को सबसे ऊपर रखा जाए। सरकारें यदि सचमुच राष्ट्र की समृद्धि चाहती हैं, नया भारत-विकसित भारत बनाना चाहती है तो उन्हें सांसों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। अमीर तबके को भी यह समझना होगा कि जिस हवा को वे अपने निवेशों से दूषित कर रहे हैं, वह अंततः उन्हीं की अगली पीढ़ियों की सांसों को रोक देगी। आज आवश्यकता है एक ऐसी राष्ट्रीय चेतना की, जो कहे कि हवा किसी वर्ग की नहीं, समस्त जीवन की संपत्ति है। जब तक यह चेतना जागृत नहीं होती, तब तक हर आंकड़ा, हर रिपोर्ट और हर योजना केवल दस्तावेज बनकर रह जाएगी, और भारत की हवाएं यूं ही जहर बनती रहेंगी। वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण को लेकर किसी किस्म की उदासीनता देश और मानवता के साथ अन्याय होगा।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3697




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



### काकुरो - 3696 का हल



## हंसी के फूव्वारें

सेकेंड क्लास के डिब्बे में बहुत ज्यादा भीड़ थी. एक यात्री ने उसमें चढ़ने की कोशिश की. तभी अन्दर से किसी ने कहा- 'इधर जगह नहीं है कोई दूसरा कम्पार्टमेंट देखिए!'

'अरे भई! मुझे तो सिर्फ खड़े रहने भर के लिए स्थान चाहिए.' बाहर वाले ने कहा.

'तो फिर प्लेटफार्म पर ही आराम से खड़े रहिए न. अन्दर आकर हमको क्यों तंग करते हो?' अन्दर से तुरन्त आवाज आई.

□ □ □

सुरेश को गम्भीर सोच में डूबे देखकर उसके मित्र नरेश ने पूछा- 'क्यों भई, इतनी गहराई से क्या सोच रहे हो?'

'बेटे के कारण मैं बहुत परेशानी में हुँ. कुछ समझ में नहीं आता कि क्या करूँ? मैं चाहता हूँ कि वह जज बने. बेटे की मां चाहती है कि वह प्रोफेसर बने और बेटा डाक्टर बनने की जिद किये बैठा है.'

'तुम्हारे लड़के की उम्र कितनी है?' नरेश ने जिज्ञासावश पूछा.

'चार साल!' सुरेश ने बताया.

इसपर नरेश ने अपना माथा पीट लिया.

□ □ □

शालिनी - मेरे पिताजी का साहित्य में गहरा योगदान है.

रीतू -क्या वे बहुत बड़े लेखक हैं?

शालिनी ने कहा- नहीं, वे किताबों की जिल्दसाजी करते हैं.

## फिल्म वर्ग पहेली - 3697



**बायें से दायें:-**

१. ऋषिकपूर, मनीषा की 'दिल की कही ना जाए' गीत वाली फिल्म-४
४. 'मैं नाचूँ बिन पायल' गीत वाली रितिक, करिश्मा, नेहा की फिल्म-२
६. कृतिका, सोनू की 'सुबह सुबह जब खिड़की' गीत वाली फिल्म-२
७. 'तेरी गलियों में ना' गीत वाली अनिल धवन, नीतूसिंह की फिल्म-३
९. फिल्म 'चोरी चोरी' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१०. फिल्म 'रणभूमि' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१२. ऋषिकपूर, डिम्पल की 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'पिया तू अब तो आजा' गीत वाली फिल्म 'कारवाँ' का नायक-३
१४. प्रशांत, ऐश्वर्या की 'कोलंबस कोलंबस' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली मनोज वाजपेयी, तब्बू की फिल्म-२
१६. जैकी, जूही, अमृता की 'गोरिया रे गोरिया रे' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'दम भर जो उधर मुँह फेरे' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-३
२०. धर्मेन्द्र, हेमा की 'ए बी सी डी छोड़ो' गीत वाली फिल्म-२,२
२१. 'यादें' में रितिक की नायिका -३
२३. अमिताभ, मौसमी की 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मेरी जाँ प्यार करो' गीत वाली मिथुन, पद्मिनी, रंजीता की फिल्म-२
२८. शत्रुघ्न, मिथुन, हेमा, अनिल राज की 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली देवआनंद, माला की फिल्म-२
३०. 'अगर जिंदगी हो तेरे संग हो' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'चंदा ने दी चाँदनी' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'हँसदे हँसदे' गीत वाली कमल हासन, रवीना, मनीषा की फिल्म-३
२. अमिताभ, शाहरूख, उदय चोपड़ा, ऐश्वर्या, किम शर्मा, प्रीति की फिल्म-४
३. 'आजा आजा गिव मी ए' गीत वाली सलमान, रेवती की फिल्म-२
५. 'दिल क्यों धड़कता है' गीतवाली फिल्म-३
६. 'सुनिये तो रूकिये तो' गीत वाली शाहरूख, जूही चावला की फिल्म-२,२
८. फिल्म 'सवेरे वाली गाड़ी' में नायक-२
११. मिथुन, आदित्य, रेखा की 'मेरा नाम बिल्लू' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'अभी साँस लेने की' गीत वाली सलमान, सनी, करिश्मा की फिल्म-२
१५. सनी, मीनाक्षी, ममता की 'कोई जाए तो ले' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मेरे सपनों की रानी' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१७. मिथुन, अतुल, पूजाभट्ट की 'तेरे बिन मैं कुछ' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'जीवन के सफर में राही' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-४
१९. 'कभी हाँ कभी ना' में सुचित्रा कृष्णामूर्ति के चरित्र का नाम-२
२२. 'सनम तेरी कसम' में नायिका कौन-२
२३. सनी, अमृता की 'तेरी तसवीर मिल गई' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'प्यार कोई खेल नहीं' की नायिका-३
२५. 'रूके रूके से' गीत वाली फिल्म जिसमें संजीव, शर्मिला थे-३
२६. फिल्म 'संन्यासी' में नायिका कौन थी-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 3696



## सूडोकु -3697

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3696 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 3697



**बाएँ से दाएँ**

1.ईश्वर,करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2,1,2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत,दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन,पगार-3
16.मनोनीत,नामकृत-3
18.बंधक,गिरवी वस्तु-3
20.निशा,रात्री-3
22.वचन,प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य,कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार,फटकार-3
30.हवा,पवन-3
31.झाझर,कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर,भूत-2
40.परोपकारी,जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**

1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान,खजांची-3
4.पैगंबर,रसूल-2
5.झूठ,मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम,मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा,दोस्त-2
18.मजा,आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः,वापस-2
27.मर्करी,पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त,टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा,विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

### शब्द पहेली -3696 का हल



# नोएडा स्टेडियम सेक्टर-21 में 'रन फॉर यूनिटी' का भव्य आयोजन

## लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर एकता, अखंडता एवं जनभागीदारी का दिया संदेश





गौतम बुद्ध नगर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर आज राष्ट्रीय एकता दिवस पूरे उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन गौतम बुद्ध नगर द्वारा नोएडा स्टेडियम सेक्टर 21 नोएडा में रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह द्वारा राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ के साथ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मेधा रूपम, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारीगण, स्कूली छात्रङ्कछात्राएँ, खिलाड़ी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। एकता, सद्भाव और अखंड भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से उपस्थित सभी लोगों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में सेवानिवृत्त डीजीपी उत्तर प्रदेश प्रकाश सिंह, प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी भुवनेश्वर कुमार, कॉमेडियन अमित भड़ाना, मिसेज यूनिवर्स 2025 शेरी सिंह, गायक ग्रीक अमन, पैरा एथलीट योगेश खतुनिया एवं साक्षी कसाना, बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव प्रमोद कुमार, क्रिकेटर स्वास्तिक चिकारा, अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी, स्पोर्ट्स पर्सन अभय प्रताप सिंह, स्पोर्ट्स फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. विपिन कुमार, कवि हास्य कलाकार शंभू शिखर एवं विनोद, तथा बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष डॉ. मनीष चौधरी शामिल रहे। पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी ने मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। इसके उपरांत आसमान में रंगङ्कबिरंगे गुब्बारे छोड़ते हुए रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस दौड़ में पुलिस बल, प्रशासनिक अधिकारी, विद्यार्थी, खिलाड़ी, स्वयंसेवी संगठन, औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि एवं आम नागरिकों ने बढ़ङ्कचढ़कर हिस्सा लिया। रन के दौरान प्रतिभागियों ने देशभक्ति गीतों और नारों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और समरसता का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी को सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में सहयोग, सद्भाव और एकता के मूल्यों को अपनाना चाहिए।

जिलाधिकारी मेधा रूपम ने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। सरदार पटेल ने जिस दूरदर्शिता और दृढ़ निश्चय के साथ देश को एक सूत्र में बांधा, वह सभी भारतीयों के लिए प्रेरणास्पद है। रन फॉर यूनिटी के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए तथा सभी को एकता, अखंडता और राष्ट्र निर्माण के प्रति निष्ठा का संकल्प दिलाया गया।

# अंसल हाउसिंग का साम्राज्य : सरकारी ज़मीन पर कब्ज़ा, 'सनराइज़' से सड़क और बिजली दोनों पर लूट

## यूपीसीडा और एनपीसीएल की चुप्पी में चल रहा अब तक का सबसे बड़ा रियल एस्टेट घोटाला

**विशाल इंडिया**

ग्रेटर नोएडा के अंसल गोल्फ लिंक-2 में लोकतंत्र नहीं, बल्कि बिल्डरशाही का शासन चल रहा है। यहाँ ज़मीन यूपीसीडा की है, पर वसूली अंसल हाउसिंग की।

और अब इस लूट का नया चेहरा है — सनराइज़

जो न सिर्फ़ बिजली बेच रहा है, बल्कि सड़क चार्ज की वसूली भी कर रहा है। 2005 में विकास पूरा कर यूपीसीडा को सौंपना था प्रोजेक्ट — 20 साल बाद भी कब्ज़ा बरकरार

यूपीसीडा ने अंसल हाउसिंग को डेवलपमेंट पार्टनर के रूप में भूमि दी थी।

### करार के अनुसार बिल्डर को

'विकास कार्य पूरे कर प्रोजेक्ट यूपीसीडा को हैंडओवर करना था।'

पर बीस साल बीत गए — न सड़कें पूरी हुईं, न ड्रेनेज, न हैंडओवर।

बिल्डर अब उसी सरकारी ज़मीन पर राज कर रहा है और खरीदारों से मनमाना पैसा वसूल रहा है।

### एनओसी = उगाही का औज़ार

किसी को बिजली कनेक्शन चाहिए, रजिस्ट्री करवानी है या प्रॉपर्टी ट्रांसफर करनी है —

हर कदम पर एनओसी माँगी जाती है।

और वह एनओसी मिलती है सनराइज़ से, जो कागज़ पर ठेकेदार है, पर हकीकत में अंसल हाउसिंग की अपनी ही कंपनी है।

यानी बिल्डर खुद ही एनओसी देने वाला और वसूली करने वाला दोनों बन गया है।

### सनराइज़ का डबल रोल — बिजली भी, सड़क भी

**1. बिजली पर कब्ज़ा**

एनपीसीएल अब किसी को सीधे कनेक्शन नहीं देती।

अंसल हाउसिंग कहता है 'पहले सनराइज़ की एनओसी लाओ।'

फिर 'मीटर इंस्टॉलेशन फीस' के नाम पर पैसे वसूले जाते हैं।

बिजली ऊँची दर से दी जाती है, बिना सरकारी बिल के।

**2. सड़क चार्ज की उगाही**

हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी सनराइज़ निवासियों से

सड़क चार्ज 500-1,200 प्रति वर्गगज तक वसूल रहा है।

बिना यह भुगतान किए किसी को एनओसी नहीं मिलती।

यानि जिस सनराइज़ को बिजली ठेकेदार बताया गया है, वही अब सड़क विभाग भी बन गई है —

और बिल्डर ने अपनी ही कंपनी को जनता से वसूली का लाइसेंस दे दिया है।

### हाईकोर्ट के आदेश बेअसर — विभाग मौन

**हाईकोर्ट ने पहले ही कहा था कि :**

'सार्वजनिक सुविधाओं के नाम पर कोई भी निजी वसूली अवैध है।'

लेकिन यूपीसीडा और एनपीसीएल की मिलीभगत ने इस आदेश को रद्दी बना दिया।

अब हर खरीदार को मजबूरी में सनराइज़ से एनओसी खरीदनी पड़ती है—

बिना एनओसी, न बिजली, न सड़क, न रजिस्ट्री।

### खरीदारों की पुकार

डबल ट्रांसफर चार्ज से छुटकारा। अंसल को भी दे और UPSIDA को भी।

'बिजली भी सनराइज़ की, सड़क भी सनराइज़ की, टैक्स भी सनराइज़ का — हम यहाँ नागरिक नहीं, उनके बंधक हैं।'

'एनपीसीएल कहती है अंसल से एनओसी लाओ,

अंसल कहता है सनराइज़ से लो,

और सनराइज़ अंसल की अपनी कंपनी है।'

### कानूनी उल्लंघन की पूरी सूची

- Electricity Act 2003 (धारा 43,135,138) - बिना लाइसेंस बिजली वितरण अपराध
- Consumer Protection Act 2019 - जबरन वसूली अनुचित व्यापार व्यवहार
- आईपीसी धारा 384 - एनओसी रोककर धन उगाही = आपराधिक उगाही
- Public Premises Act 1971 - सरकारी भूमि पर कब्ज़ा अपराध
- UPSIDC नियम 2005 - डेवलपमेंट हैंडओवर अनिवार्य, पर 20 साल से लंबित

### यूपीसीडा और एनपीसीएल — चुप्पी में साझेदारी

यूपीसीडा के पत्र (दिनांक 05.10.2025, 16.07.2025, 25.08.2025)

में "Sunrise Electrical Works" का उल्लेख साफ़ मौजूद है ?।

यानी विभाग को सब पता है कि

बिल्डर अपनी ही कंपनी के ज़रिए वसूली कर रहा है,

फिर भी कोई जाँच, कोई रोक नहीं।

### जब बिल्डर खुद सरकार बन जाए

**अंसल हाउसिंग ने अपने लिए एक समानांतर प्रशासन खड़ा कर लिया है —**

- ज़मीन सरकार की
- सड़क सनराइज़ की
- बिजली सनराइज़ की
- टैक्स अंसल का
- और कानून मौन

यह अब सिर्फ़ रियल एस्टेट घोटाला नहीं, बल्कि प्रशासनिक आतंक है।

क्या मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस घोटाले की सीबीआई जांच करवाएँगे ?

क्या यूपीसीडा और एनपीसीएल अफसरों की जवाबदेही तय होगी ?

या फिर यही सच्चाई है कि —

'हाईकोर्ट, यूपीसीडा, एनपीसीएल और सरकार — सब अंसल हाउसिंग और उसकी 'सनराइज़' कंपनी के जूते की नौक पर सवार हैं।'

# ग्रेटर नोएडा में प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

## बाइक से आए थे हमलावर, सीसीटीवी से बदमाशों की तलाश

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बादलपुर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना बंबावड़ गांव स्थित पेरीफेरल पुल के पास हुई। अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने प्रॉपर्टी डीलर पर फायरिंग की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### अब विस्तार से पढ़िए पूरा मामला

मृतक की पहचान बंबावड़, बादलपुर निवासी महिपाल (45) के रूप में हुई है। महिपाल लंबे समय से प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे और गांव में ही उनकी एक प्रॉपर्टी डीलर का ऑफिस था।

पुलिस के अनुसार, वारदात शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे हुई। बाइक सवार हमलावर गोली मारने के बाद मौके से फरार हो गए। गोली लगने से महिपाल सड़क पर गिर पड़े थे। स्थानीय लोगों ने उन्हें आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

सूचना मिलने पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है और घटना के सभी पहलुओं की गहराई से जांच की जा रही है।

एडिशनल डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैव्या गोयल ने बताया कि डायल-112 पर एक अज्ञात व्यक्ति के घायल अवस्था में मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मामले में तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस की टीमें बदमाशों की तलाश में सक्रिय कर दी गई हैं और जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## नोएडा में 3.26 करोड़ ठगी में दो गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा में शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर ठगी करने वाले दो लोगों को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके नाम राजीव वर्मा और उमा शंकर है। दोनों को इंदौर मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया गया। ये दोनों मुख्य ठगों को खाता प्रोवाइड करने का काम करते है। खात का एक्सिस अपने पास रखते है। पैसा ट्रांसफर होने के बाद इनको मोटा कमीशन मिलता है। इस मामले में अब तक 12 गिरफ्तारी पहले हो चुकी है। 12 जून को सेक्टर-27 निवासी एक महिला ने थाना साइबर क्राइम में आकर सूचना दी कि उसके साथ करीब 3 करोड़ 26 लाख की ठगी हो गई है। साइबर सेल ने मुकदमा दर्ज तक खातों को फ्रीज करने का काम शुरू किया। ठगों ने महिला को रेट फाइन इनवेस्टमेंट लिमटेड कंपनी का कर्मचारी बनकर बात की और शेयर मार्केट में पैसा लगवाया। 30 अक्टूबर को पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपी राजीव वर्मा के खाते में करीब 10 लाख रुपए आए। इस खाते के खिलाफ भी एनसीआरपी पोर्टल पर करीब 16 शिकायत है।

# नोएडा एयरपोर्ट पर केलिब्रेशन फ्लाइट का ट्रायल

## रनवे, नेविगेशन, कम्युनिकेशन और लाइटिंग सिस्टम को परखा गया, अब मिलेगा एयरोड्रम लाइसेंस

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अब उद्घाटन के करीब पहुंच गया है। एयरपोर्ट का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अब केवल उद्घाटन की औपचारिकता बाकी है। एयरपोर्ट पर आज केलिब्रेशन फ्लाइट का ट्रायल हुआ। करीब दो घंटे तक ट्रायल किया गया।

इस दौरान एक विमान को लैंड कराया गया। केलिब्रेशन फ्लाइट को किसी भी नए एयरपोर्ट की उड़ान सुरक्षा और नेविगेशन सिस्टम की जांच के लिए किया जाता है।

इस ट्रायल के दौरान विमान रनवे, नेविगेशन उपकरण कम्युनिकेशन सिस्टम और लाइटिंग सिस्टम की सटीकता की जांच की गई। केलिब्रेशन फ्लाइट यह सुनिश्चित करती है कि विमान सुरक्षित रूप से लैंडिंग और टेकऑफ कर सके और सभी तकनीकी मानक अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरूप हों।

यह प्रक्रिया DGCA (Directorate General of Civil Aviation) की निगरानी में पूरी की गई। इसकी रिपोर्ट आते ही डीजीसीए एयरोड्रम लाइसेंस देगा।

### बकास से मिल चुकी मंजूरी

नोएडा एयरपोर्ट का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) की ओर से एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) में सभी जरूरी रड़ार लगाए जा चुके हैं। यहां तक की सुरक्षा की दृष्टि से भी सभी काम पूरे हो गए हैं। इसके लिए पिछले माह नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बकास) की मंजूरी भी मिल चुकी है।

### सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ तैनात है और विगत दिवस टर्मिनल ट्रायल भी सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। इस बार विमान की लैंडिंग और टेकऑफ से लेकर यात्रियों की एंट्री से लेकर चेक-इन, सुरक्षा जांच, बोर्डिंग गेट और बैगेज हैंडलिंग तक पूरे सफर का ट्रायल किया गया। एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के साथ ही उड़ान को लेकर तिथि घोषित होगी।

## ग्रेटर नोएडा में रिन्यूएबल एनर्जी इंडिया एक्सपो शुरू

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में रिन्यूएबल एनर्जी इंडिया एक्सपो के 18वें संस्करण और द बैटरी शो इंडिया के तीसरे संस्करण का शुभारंभ हुआ। इन्फॉर्मा मार्केट्स इन इंडिया द्वारा आयोजित यह एक्सपो इंडिया एक्सपो मार्ट में शुरू हुआ, जो भारत की अक्षय ऊर्जा यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। नेट ज़ीरो प्राप्त करने के लिए मार्ग का निर्धारण की थीम पर केंद्रित यह तीन दिवसीय आयोजन भारत के स्वच्छ ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र में वैश्विक सहयोग, नवाचार और निवेश को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखता है। REI और TBSI मिलकर दक्षिण एशिया के स्वच्छ ऊर्जा परिदृश्य में सबसे प्रभावशाली मंच बन गए हैं, जो वैश्विक निर्माताओं, नवप्रवर्तकों, निवेशकों और नीति निर्माताओं को एक साथ ला रहे हैं। इन्फॉर्मा मार्केट्स इन इंडिया के प्रबंध निदेशक, योगेश मुद्रस ने इस अवसर पर कहा कि भारत की स्वच्छ ऊर्जा क्षमता 2025 में 250 गीगावाट को पार कर गई है, और 2030 तक 500 गीगावाट का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि विद्युत मंत्रालय ने 30 GWh बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के लिए 5,400 करोड़ की व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण योजना को मंजूरी दी है, जिससे 2028 तक 33,000 करोड़ का निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है।

# बीएलओ-सुपरवाइजरों को विशेष पुनरीक्षण प्रशिक्षण



**गौतमबुद्ध नगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज आईआईएमटी कॉलेज, ग्रेटर नोएडा में जनपद के सभी बूथ लेवल अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने की। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यप्रणाली एवं उनके दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का यह विशेष अभियान लोकतंत्र की जड़ को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज हो और किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम सूची से न कटे।

जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर पात्र नागरिकों से संपर्क करें, उन्हें गणना प्रपत्र वितरित करें और सही ढंग से भरवाने में सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कार्यक्रम के दौरान किसी को कोई कठिनाई या समस्या आती है तो तुरंत जिला प्रशासन को अवगत कराएं, प्रशासन द्वारा हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय-सारणी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर 2025 तक विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित तैयारी, प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्रों के मुद्रण का कार्य किया जाएगा। 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरवाएंगे। 9 दिसम्बर 2025 को निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन होगा, 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्ति की अवधि रहेगी, नोटिस जारी किये जाने, सुनवाई एवं सत्यापन व दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण एवं गणना प्रपत्रों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्णय किये जाने की अवधि 09 दिसम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक तथा 7 फरवरी 2026 को अंतिम निर्वाचक नामावली प्रकाशित की जाएगी।

उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता द्वारा प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को बताया गया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की कार्यवाही के दौरान बूथ लेवल अधिकारी अपने मतदान केंद्र क्षेत्र के सभी मतदाताओं से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करेंगे। प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र दो प्रतियों में उपलब्ध कराया जाएगा तथा उसे भरने में आवश्यक सहायता दी जाएगी। यदि किसी घर में ताला लगा मिले या कोई व्यक्ति अनुपस्थित हो, तो बीएलओ गणना प्रपत्र को घर के अंदर स्लिप कर देंगे और भरा हुआ प्रपत्र प्राप्त करने के लिए कम से कम तीन बार भ्रमण करेंगे। साथ ही यह सुनिश्चित करेंगे कि वृद्ध, बीमार, दिव्यांग, निर्धन एवं अन्य अशक्त समूहों के मतदाताओं को गणना प्रपत्र प्राप्त करने एवं भरने में कोई असुविधा न हो।

# शार्ट न्यूज

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर कलेक्ट्रेट में ली गई राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ

**गौतम बुद्ध नगर।** देश की एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर आज जनपद गौतम बुद्ध नगर में राष्ट्रीय एकता दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देशन में कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (भू0अ0) बच्चू सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार, तथा अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी (भू0अ0) बच्चू सिंह ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने सरदार पटेल जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति समर्पण ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने सभी को संकल्प दिलाया कि वे सदैव राष्ट्र की एकता और भाईचारे को सुदृढ़ करने हेतु अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने भी सरदार पटेल जी के आदर्शों पर चलने और उनके द्वारा स्थापित राष्ट्रीय एकता, सद्भाव एवं प्रशासनिक दक्षता के मूल्यों को अपने कार्य में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## युवक ने 20वीं मंजिल से छलांग लगाकर की आत्महत्या

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख कोतवाली क्षेत्र के गौड़ सिटी-2 स्थित 14 एवेन्यू सोसायटी में शुक्रवार को एक युवक ने 20वीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से सोसायटी में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान विपिन सिंह (36) निवासी धारूहेड़ा जिला रेवाड़ी (हरियाणा) के रूप में हुई है। वह हीरो कंपनी धारूहेड़ा में कार्यरत था। बीते दिनों अपनी बहन के घर 14 एवेन्यू गौड़ सिटी-2 आया हुआ था। बता दे कि शुक्रवार दोपहर उसने अचानक बिल्डिंग की 20वीं मंजिल से छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर बिसरख थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिलहाल, पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी है। परिजन ने पुलिस को बताया कि युवक कुछ देर पहले तक सामान्य था और परिवार के साथ बातचीत कर रहा था। अचानक इस तरह कदम उठाने से सभी हैरान हैं। मृतक के परिजन मौके पर मौजूद हैं और घटना के बाद गहरे सदमे में हैं। परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

## दुकानदार के खाते से निकाले 5 लाख

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कस्बे में एक दुकानदार के बैंक खाते से साइबर ठगों ने पांच लाख रुपये निकाल लिए। ठगों ने पीड़ित का मोबाइल हैक कर इस वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने शुक्रवार देर शाम अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मोहल्ला वैशाली नगर निवासी जितेंद्र शर्मा रबूपुरा कस्बे में दुकान चलाते हैं। उनका खाता रबूपुरा स्थित केनरा बैंक की शाखा में है। वह ग्राहकों के साथ लेनदेन के लिए नेट बैंकिंग का उपयोग करते हैं। गुरुवार को किसी अज्ञात व्यक्ति ने जितेंद्र शर्मा का मोबाइल हैक कर लिया। इसके बाद उनके बैंक खाते से पांच लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए गए। दो दिन बाद जब दुकानदार ने अपना हैक हुआ मोबाइल और नंबर दोबारा चालू कराकर बैलेंस चेक किया, तब उन्हें ठगी का पता चला। इस धोखाधड़ी का पता चलने पर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## महिला को टक्कर मारने वाला कार चालक गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा की बिसरख थाना पुलिस ने 27 अक्टूबर की रात हुई उस दुर्घटना के आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है, जिसमें गौर सिटी-2 की महिला अंजू को कार ने टक्कर मार दी थी। हादसे में महिला के दोनों पैर टूट गए थे। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल की गई कार भी बरामद कर ली है। घटना 16 एवेन्यू, गौर सिटी-2 की है। अंजू नामक महिला रात में पार्क में टहलकर अपने फ्लैट लौट रही थीं। इसी दौरान कार चालक ने तेज रफ्तार में गाड़ी बैक करते हुए महिला को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के टायर उनके दोनों पैरों पर चढ़ गए। घायल अवस्था में अंजू को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों पैरों में फ्रैक्चर की पुष्टि की। घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात कैद हो गई थी, जिसमें स्पष्ट रूप से देखा गया कि चालक ने लापरवाही से बैक गाड़ी चलाते हुए महिला को टक्कर मारी। इसके बाद महिला के पति ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

## नोएडा में बिल्डर जमा करे 9 हजार करोड़

नोएडा। बिल्डरों के पास बकाया जमा करने की डेड लाइन आज समाप्त हो जाएगी। पैसा जमा नहीं करने पर उनसे नोएडा प्राधिकरण राहत पैकेज वापस ले लेगा। इसको लेकर 43 बिल्डर परियोजनाओं को नोटिस जारी किया गया था। ये नोटिस बोर्ड में प्राधिकरण चेयरमैन दीपक कुमार के निर्देश के बाद जारी किए गए थे। प्राधिकरण ने बताया कि नोएडा में 57 बिल्डर परियोजना है। इसमें 6 बिल्डर परियोजनाओं का बकाया जीरो पीरियड का लाभ मिलने पर समाप्त हो गया। 8 बिल्डर परियोजना के डेवलपर ने पैसा जमा कर दिया। बाकी को नोटिस जारी किया गया। प्राधिकरण ने बताया कि नोटिस जारी करने के बाद अब तक एक भी बिल्डर ने पैसा जमा करने नहीं आया। न ही किसी बिल्डर ने क्वारी की। आज पैसा जमा करने के अल्टीमेटम का आखिरी दिन है। ऐसे में एक नवंबर से मिलने वाली राहत को हटा लिया जाएगा। हालांकि अंतिम निर्णय शासन स्तर पर लिया जाएगा।

## निवेश के नाम पर 42.78 लाख की ठगी

**नोएडा।** निवेश के नाम पर पीड़ित से 42.78 लाख रुपए की ठगी हो गई। ये पैसा 15 बार में अलग-अलग खातों में ट्रांसफर की गई। निवेश के दौरान मुनाफा दिखने पर जब पीड़ित ने पैसे निकालने की अनुमति मांगी। ठगों ने पीड़ित को ग्रुप से बाहर कर दिया। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने साइबर थाने में शिकायत की। साइबर सेल मामले की जांच कर रही है साथ ही उन खातों को फ्रीज कराने का प्रयास कर रहे है जिनमें रकम ट्रांसफर की गई। पीड़ित को इंस्टाग्राम पर एक पेज दिखाई दिया। जिसमें लोग निवेश पर अच्छे मुनाफे की बात कर रहे थे। उक्त पेज की बातों से संतुष्ट होकर दिए गए वॉट्सऐप नंबर पर संपर्क किया। वहां उन्हें निवेश करने के लिए कुछ लिंक भेजे गए। पीड़ित ने लिंक पर क्लिक किया। जिसके बाद उनको एक वॉट्सऐप ग्रुप से जोड़ दिया गया। ग्रुप में पहले से काफी लोग जुड़े थे। वो सभी मुनाफे के स्क्रीन शॉट ग्रुप पर भेज रहे थे। विश्वास होने पर उनको एक अलग ग्रुप से जोड़ा गया। निवेश के लिए लिंक शेयर किया गया। एक जुलाई से 5 अगस्त तक उन्होंने ट्रांजैक्शन किए। पहले कुछ ट्रांजैक्शन में उनको मुनाफा दिखा।

## नोएडा में युवती ने फंदा लगाकर सुसाइड किया

**नोएडा।** फेज-तीन थाना क्षेत्र स्थित एक प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले युवक ने साथी कर्मचारी को प्रेम जाल में फंसा लिया। कुछ दिन बाद युवक ने शादी से इनकार किया तो युवती ने 27 अक्टूबर को गढ़ी चौखंडी गांव में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की मां ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मूलरूप से आगरा निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पति का निधन हो चुका है। बेटी करीब तीन माह पहले आगरा से नोएडा में नौकरी करने के लिए आई थी। फेज-तीन थाना क्षेत्र स्थित एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने लगी। उसने गढ़ी चौखंडी गांव में रहने के लिए एक कमरा किराए पर लिया। कंपनी में काम करते समय उसकी मुलाकात कानपुर देहात के जामू गांव निवासी भानू सिंह से हुई। दोनों के बीच बातचीत होने लगी। एक दिन महिला को उसकी बेटी ने बताया कि वह भानू के साथ शादी करना चाहती है। भानू ने भी उसे शादी करने का भरोसा दिया है। इस पर महिला ने भी अपनी सहमति दे दी।

# समय से पहुंचे अध्यापक ऐसा तंत्र तैयार हो : हाईकोर्ट

## कोर्ट ने राज्य सरकार को दिया निर्देश, कहा गरीब छात्रों को शिक्षा मिल सके, मांगी जानकारी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में अध्यापकों की समय से उपस्थिति तंत्र तैयार करने का आदेश दिया है ताकि गांव के गरीब छात्रों को शिक्षा मिल सके और उनके शिक्षा पाने के अधिकार सहित जीवन व समानता के अधिकारों की पूर्ति हो सके।

कोर्ट को बताया गया कि मुख्य सचिव इसी मुद्दे को लेकर आज बैठक कर रहे हैं। इस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 10 नवंबर नियत करते हुए जानकारी मांगी है।

यह आदेश न्यायमूर्ति पी के गिरि ने अध्यापिका इंद्रा देवी व श्रीमती लीना सिंह चौहान की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है।

इससे पहले कोर्ट ने कहा था कि सरकार ऐसी नीति लागू करें जिससे विभागो में कर्मचारियों व शिक्षण संस्थानों में अध्यापकों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित हो सके ताकि गांव के गरीब बच्चे शिक्षा पाने से वंचित न हो।



कोर्ट ने कहा देश की आजादी के बाद से सरकार ने जमीनी स्तर पर अध्यापकों की समय से स्कूल कालेज में उपस्थिति का तंत्र नहीं बनाया जिससे हाईकोर्ट में याचिकाएं आ रही। आज के तकनीकी युग में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से समय से हाजिरी दी जा सकती है।

यदि कोई कभी देरी से आता है तो दस मिनट की देरी की छूट दी जा सकती है बशर्ते यह आदतन न हो।सभी अध्यापकों को हर दिन तय समय पर संस्थानों में हाजिर होना चाहिए। कोर्ट ने सरकार को इसका ठोस हल निकालने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने याचीगण की पहली गलती और भविष्य में गलती न दुहराने के आश्वासन पर माफी दे दी। याची ने कहा भविष्य में वह पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज करती रहेगी। कोर्ट ने याची के विरुद्ध की गई कार्यवाही रद्द कर दी।

## हाथरस में फैक्ट्री मालिक पर चाकू से हमला

**हाथरस।** हाथरस में शुक्रवार देर शाम 7 बजे के लगभग एक युवक ने फैक्ट्री मालिक पर चाकू से हमला कर दिया। रंगदारी मांगने से इनकार करने पर एक युवक ने चाकू मारकर उनका कान काट दिया। गंभीर रूप से घायल फैक्ट्री मालिक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।यह घटना चंदपा क्षेत्र के कैमार गांव के पास डिब्बे बनाने की फैक्ट्री में हुई। शहर की वाटर वर्क्स कॉलोनी निवासी मनीष गुप्ता पुत्र राजेंद्र गुप्ता अपनी फैक्ट्री में थे, जब एक युवक वहां आया। युवक ने मनीष गुप्ता से चौथ के लिए पैसे मांगे।मनीष गुप्ता द्वारा पैसे देने से इनकार करने पर, युवक थोड़ी देर बाद चाकू लेकर वापस आया। उसने आते ही मनीष गुप्ता के कान पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके कान का एक हिस्सा कट गया और गंभीर चोट आई। शोर मचाने पर फैक्ट्री के अन्य कर्मचारियों ने मनीष को बचाया, जिसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि हमलावर युवक का पिता लंबे समय से मनीष गुप्ता की इसी फैक्ट्री में काम करता है। मनीष गुप्ता को गंभीर हालत में तुरंत जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत मोहनपुर में आयोजित हुई जागरूकता चौपाल

### महिलाओं को बताए गए अधिकार और योजनाओं की जानकारी

**घरेलू हिंसा, दहेज उन्मूलन और महिला सुरक्षा पर दी गई जानकारी, दो लाभार्थी चिन्हित**

**पीलीभीत।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत शुक्रवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा विकासखंड मरौरी के ग्राम मोहनपुर में जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रोबेशन अधिकारी पीलीभीत के निर्देशन में आयोजित हुआ, जिसमें ग्रामीण महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, दहेज उन्मूलन और महिला सशक्तिकरण से संबंधित जानकारी दी गई। महिला कल्याण विभाग से मनोज कुमार ने चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को न्याय और सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा अनेक प्रावधान किए गए हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना और वन स्टॉप सेंटर जैसी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बाल सेवा योजना के दो नए लाभार्थियों को भी चिन्हित किया गया।

इसी क्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन से मानिष्ता गुल अंसारी ने उपस्थित महिलाओं और युवाओं को बच्चों और महिलाओं से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति या हिंसा की शिकायत के लिए 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 101, 102, 108 (आपात सेवा), 1090 (महिला पावर लाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) और 1930 (साइबर फ्रॉड शिकायत) जैसे नंबरों पर तत्काल सहायता प्राप्त की जा सकती है।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान ओम प्रकाश, आंगनबाड़ी कार्यकत्री कविता शर्मा और पंचायत सहायक शनि बाबू सहित अनेक ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। चौपाल में महिलाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और सुरक्षा उपायों की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

## शार्ट न्यूज

### दियोरिया कोतवाली में 'रन फॉर यूनिटी' के साथ मनाई गई सरदार पटेल जयंती

बीसलपुर। राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रतीक भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को दियोरिया कोतवाली परिसर में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित हुआ।इस मौके पर थानाध्यक्ष दिगंबर सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल, स्थानीय युवाओं और कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली और दौड़ में भाग लिया।थानाध्यक्ष ने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी दूरदर्शिता और अदम्य साहस से देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। कार्यक्रम के दौरान एकता, भाईचारे और अखंड भारत के नारों से कोतवाली परिसर गूंज उठा।

### लेखपाल को रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोचा

**बीसलपुर।** तहसील परिसर में शुक्रवार को एंटी करप्शन टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लेखपाल को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार, अमृता खास क्षेत्र के लेखपाल संजीव कुमार किसान से अवैध धनराशि की मांग कर रहे थे। किसान ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की। टीम ने जाल बिछाकर तहसील में पहुंचते ही लेखपाल को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के बाद आरोपी को टीम अपने साथ बरेली मुख्यालय ले गई। घटना के बाद तहसील परिसर में अफरा-तफरी और अन्य लेखपालों में हड़कंप मच गया।

### पिता के सामने खेलते-खेलते कुएं में गिरा बच्चा

**आगरा।** आगरा में 6 साल का बच्चा पिता के सामने खेलते-खेलते 40 फीट गहरे कुएं में गिर गया। गांव के गोताखोर कुएं में उतरे, लेकिन पानी ज्यादा होने के कारण बच्चे को तलाश नहीं पाए। इसके बाद सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। 5 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। 4 घंटे से 2 पंप लगाकर कुएं से पानी निकाला जा रहा था। अब तीसरा पंप भी लगाया गया है। पुलिस और फायर ब्रिगेड के 40 से ज्यादा कर्मचारी बचाव कार्य में लगे हैं, लेकिन अब तक बच्चे का कुछ पता नहीं चल पाया है। घटना शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे किरावली क्षेत्र के वाकंदा खास गांव में हुई। किरावली तहसील के वाकंदा खास गांव निवासी रामगोपाल खेत में आलू बो रहे थे। उनके साथ उनका 6 वर्षीय बेटा रिहांश भी था। वह खेलते-खेलते खेत के किनारे बने कुएं के पास पहुंच गया। उन्होंने आवाज देकर बच्चे को रोका।

### अलीगढ़ में प्रॉपर्टी डीलर को मारी गोली

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के लोधा थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक प्रॉपर्टी डीलर राहुल को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। खेरेश्वर चौराहे के पास हुई इस घटना में राहुल घायल हो गए, जिन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, राहुल शुक्रवार रात करीब पौने आठ बजे बाइक से खेरेश्वर चौराहे पार कर अपने एक मित्र की दुकान पर गए थे। वे दुकान के पास खड़े थे, तभी पीछे से आई एक अज्ञात थार कार में सवार लोगों ने उन पर तीन फायर किए और नादा पुल की ओर भाग गए। फायरिंग में एक गोली राहुल की कनपटी को छूती हुई निकल गई, जिससे वे घायल हो गए। उन्हें तत्काल पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलने पर लोधा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने थार कार की तलाश शुरू कर दी है। राहुल केशों पुर जोफरी गांव के निवासी हैं और प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। उनका अपने गांव के रोड पर एक कार्यालय भी है।

### देवरिया में पिकअप की टक्कर से छात्र की मौत

**देवरिया।** देवरिया जिले के गौरीबाजार थाना क्षेत्र के खरोह गांव में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में 17 वर्षीय छात्र किशन साहनी की मौत हो गई। किशन को एक तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, किशन साहनी (पुत्र राजेश साहनी) खरोह चौराहे से कुछ दूरी आगे सड़क किनारे पैदल चल रहा था। तभी पीछे से आ रही एक पिकअप वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि किशन गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल किशन को देवरिया मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशन इंटरमीडिएट का छात्र था और रोज़ की तरह किसी काम से जा रहा था। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में शोक छा गया। ग्रामीणों ने बताया कि दुर्घटनास्थल पर सड़क संकरी है और वाहन अक्सर तेज रफ्तार में गुजरते हैं।

### मेरठ में पुलिस परीक्षा के लिए स्टेशनों पर भीड़

**मेरठ।** प्रदेश भर में आयेजित होने वाली यूपी पुलिस की कंप्यूटर ऑपरेटर की परीक्षा के लिए मेरठ में 22800 परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 1 नवंबर को होने वाली परीक्षा के लिए परीक्षार्थी पहले दिन शाम से ही बस अड्डों और रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए। दो दिन परीक्षा में 22800 परीक्षा पंजीकृत कंप्यूटर ऑपरेटर परीक्षा दो दिन में संपन्न कराई जाएगी। पहले दिन यानि 1 नवंबर को जिले में 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 12240 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। 2 नवंबर को कुल 22 सेटरों पर 10560 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों दिन केवल एक एक शिफ्ट में ही परीक्षा होगी। 1 नवंबर को कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए परीक्षा सुबह 10 बजे शुरु होकर 12 बजे तक चलेगी। जबकि 2 नवंबर को पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा) की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12: 30 बजे तक चलेगी।

### ददरी मेले के झूलों की रिकॉर्ड नीलामी

**बलिया।** बलिया में ददरी मेले के झूलों और प्रदर्शनी की खुली नीलामी में रिकॉर्ड 1.30 करोड़ रुपए की बोली लगाई गई। शुक्रवार को गंगा बहुद्देशीय सभागार में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज की अध्यक्षता में यह नीलामी संपन्न हुई। यह बोली वर्ष 2025 के लिए लगाई गई है। अधिकारियों ने बताया कि यह ददरी मेले के इतिहास में झूलों के लिए अब तक की सर्वाधिक बोली है। यह राशि पिछले वर्ष 2024 में प्राप्त 82.10 लाख रुपए की तुलना में 47.90 लाख रुपए अधिक है। इस रिकॉर्ड बोली से मेले की आय में वृद्धि होगी और प्रबंधन को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित समिति के समक्ष हुई यह नीलामी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रही।

## फोटो एडिट कर ब्लैकमेल करने वाले तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

बीसलपुर। एक युवती को अश्लील फोटो के जरिए ब्लैकमेल करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसके पड़ोसी नितिन कुमार ने तीन वर्ष पूर्व छत से उसकी बेटी की फोटो खींची थीं। बाद में उन फोटोज को एडिट कर व्हाट्सएप पर भेजकर शादी का दबाव बनाया। इनकार करने पर आरोपी ने फोटो वायरल करने की धमकी दी। अब तक जब भी परिवार ने बेटी की शादी तय की, आरोपी ने फोटो भेजकर रिश्ता तुड़वा दिया। आरोपी नितिन के साथ उसके साथी सुनील कुमार पुत्र छेदा लाल और वंशीलाल पुत्र देवीलाल पर भी अश्लील हरकतें करने और धमकाने के आरोप लगे हैं।

## नौकरी के लिए रुपये न देने पर विवाहिता की हत्या का प्रयास

### ससुरालियों पर गर्भपात कराने और तेजाब फेंकने का आरोप, पुलिस ने जांच शुरू की

**पूरनपुर।** पति की नौकरी लगवाने के लिए रुपये न देने पर विवाहिता पर जुल्म की सारी सीमाएं पार कर दी गईं। आरोप है कि पति और ससुराल पक्ष ने जबरन गर्भपात कराया और फिर तेजाब फेंककर जान से मारने का प्रयास किया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि उसका विवाह नवंबर 2023 में भोजीपुरा (जनपद बरेली) निवासी युवक से हुआ था। कुछ माह पूर्व उसके पति और ननदोई ने रेलवे में नौकरी के लिए आवेदन किया था। तभी से पति, ससुर, ननद और ननदोई उस पर मायके से 12 लाख रुपये लाने का दबाव बनाने लगे। इनकार करने पर उसे आए दिन मारपीट और मानसिक प्रताड़ना दी जाने लगी। पीड़िता का आरोप है कि ससुरालियों ने इंजेक्शन लगाकर जबरन उसका गर्भपात करा दिया। 21 अक्टूबर की रात ननदोई ने अश्लील हरकत की, विरोध करने पर ससुरालियों ने उसे धमकाया।

अगले दिन यानी 22 अक्टूबर को शिकायत करने पर ससुराल पक्ष ने मारपीट की और गले में दुपट्टा डालकर जान से मारने का प्रयास किया। महिला ने भागकर खुद को कमरे में बंद किया, तभी पति ने शौचालय में रखा तेजाब उस पर फेंक दिया जिससे उसका पैर जल गया। उसने फोन कर मायके वालों को सूचना दी। बाद में पहुंचे पिता ने बेटी को ससुरालियों के चंगुल से बचाकर मायके लाया। इंस्पेक्टर पवन पांडेय ने बताया कि मामले में जीरो एफआईआर दर्ज कर विवेचना भोजीपुरा थाने को भेज दी गई है, क्योंकि घटनास्थल भोजीपुरा क्षेत्र में है।

## गन्ने से भरी ट्राली ने साइकिल सवार को कुचला, युवक की मौके पर मौत

### रम्पूरा नत्थू निवासी करन पेट्रोल लेने जा रहा था, पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली कब्जे में ली

बरखेड़ा। थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार युवक की मौत हो गई।

गन्ने से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने पीछे से साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, करन (22) पुत्र राम भजन निवासी ग्राम रम्पूरा नत्थू शुक्रवार दोपहर अपने गांव से साइकिल पर पेट्रोल लेने के लिए निकला था।



बताया जा रहा है कि वह पास के पेट्रोल पंप पर जा रहा था, तभी पीछे से आ रही गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने उसे रौंद दिया। हादसा इतना भयानक था कि युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही थाना बरखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को भी अपने कब्जे में ले लिया है। घटना की खबर फैलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव के लोगों ने प्रशासन से मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## पुलिस ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस, ली गई शपथ

ललितपुर। महरौनी लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वी जयंती के आयोजन के दृष्टिगत देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को संरक्षित करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से थाना महरौनी जिला ललितपुर मे रन फॉर यूनिटी व एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । जिसमे प्रभारी निरीक्षक महरौनी मय कस्बा चौकी प्रभारी मय समस्त पुलिस बल मय रिक्रुट आरक्षी व सम्भ्रान्त लोग व पत्रकार बंधू व स्कूली अध्यापक व बच्चे सम्मिलित हुये । जिस क्रम मे कस्बा महरौनी मे इन्द्रा चौराहे से बानपुर चौराहा तक दौड का आयोजन कराते हुये बैनर व होर्डिंग्स के माध्यम से राष्ट्रीय एकता व नये आपराधिक कानूनो के सम्बन्ध मे लोगो को जागरूक किया गया । महान स्वतंत्रता सेनानी एवं स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जंयती को महरौनी पुलिस की ओर से राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाया गया। इस अवसर पर शुक्रवार को महरौनी पुलिस थाने में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेष रूप से आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह ने थाने पर तैनात पुलिसकर्मियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्तूबर 1875 को नडियाद गुजरात के एक किसान परिवार में हुआ था।

## मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत ललितपुर पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों और कॉलेजों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता , यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की । इसी क्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच / बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया गया । महिलाओं / बालिकाओं को बताया गया कि बस/रास्तों/सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेडखानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 व थाना पर जाकर तत्काल एफ0आई0आर0 के लिए जागरुक किया गया ।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि का सावधानी से उपयोग करने एवं इसके माध्यम से होने वाले अपराधों के बारे में जानकारी दे कर जागरुक किया गया ।

## बाइक से उछलकर गिरी वृद्ध महिला, अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

बीसलपुर। बीसलपुर-बिलसंडा मार्ग पर शुक्रवार को एक दुर्घटना में वृद्ध महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, गांव पहाड़गंज निवासी अकीला बेगम (65 वर्ष) किसी कार्य से बीसलपुर आ रही थीं। उसी दौरान उनके गांव के युवक मोहम्मद अहमद रजा ने बाइक पर उन्हें बैठा लिया। जैसे ही बाइक मानपुर तिराहे के पास पहुंची, अकीला बेगम अचानक संतुलन खोकर सड़क पर गिर गईं।घायल महिला को 108 एंबुलेंस की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

## रन फॉर यूनिटी के लिए दौड़े पुलिस कर्मी : लौह पुरुष की 150वीं जयंती पर हुआ कार्यक्रम

**ललितपुर।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर थाना गिरार थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने पुलिस रिक्रूट आरक्षी छात्रों व संभ्रांत नागरिकों के साथ रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया व थाना स्थानीय पर सरदार बल्लभ भाई पटेल के फोटो पर माल्यार्पण कर देश की एकता व संप्रभुता की शपथपत्र ली गई । लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर शुक्रवार को गिरार थाने में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। गिरार पुलिस ने रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया। जिले में एकता, अखंडता और



सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए रन फॉर यूनिटी की शुरूआत गिरार थाने से हुई। जिसके बाद पुलिस कर्मी और दौड़ में मौजूद अन्य लोगों ने थाना क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से हाथों में तिरंगा लेकर गुजरे। गिरार थाने में इसका समापन हुआ।प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने सभी को सभी को संबोधित किया और कहा कि सरदार पटेल के जीवन से हमें एकता और समर्पण की प्रेरणा मिलती है। उनका सारा जीवन देश के लिए समर्पित रहा और उन्होंने देश और देश वासियों को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा काम किया।

## एसपी ने दौड़ लगाई : राष्ट्रीय एकता दिवस पर दिलाई एकता की शपथ

ललितपुर । भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा पुलिस लाईन ललितपुर में सरदार वल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई, तत्पश्चात उपस्थित पुलिस अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति समर्पित रहने की एकता शपथ दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल जी ने देश के एकीकरण में जो अद्वितीय योगदान दिया, वह राष्ट्र इतिहास में सदैव स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति, प्रशासनिक क्षमता एवं राष्ट्रहित सर्वोपरि



की सोच आज भी सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। एसपी द्वारा कहा कि पुलिस बल का प्रमुख दायित्व समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखना, सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करना एवं जनसुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसी भावना के साथ सभी पुलिस कर्मियों को अपने कर्तव्य पथ पर सदैव तत्पर रहकर कार्य करने का आह्वान किया गया।तत्पश्चात भारत के लौह पुरुष एवं राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी एकता की दौड़ का भव्य आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन ललितपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ, मा0 सदस्य राज्य महिला आयोग अर्चना पटेल व पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झण्डी दिखाकर दौड़ को रवाना करने के साथ हुआ। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम मैं मा0 राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ, मा0 जिलाध्यक्ष भाजपा हरिशचन्द्र रावत जी, मा0 विधायक सदर रामरतन कुशवाहा जी व अन्य जनप्रतिनिधिगण , स्कूल/कालेजों के बच्चो, एनसीसी/स्काउट्स बच्चो, माडिया बन्धुओं व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, क्षेत्राधिकारीगण सहित पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण एवं आमजन भी सहित लगभग 800 लोग उपस्थित रहे।

रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द, समरसता एवं अखण्डता की भावना को सशक्त बनाना रहा।

## बलिया में बारिश में दीवार ढही, 3 लोग घायल

**बलिया।** बलिया में शुक्रवार को बारिश के दौरान एक ईंट की दीवार ढह गई। इस हादसे में तीन लड़के घायल हो गए, जिनमें से दो को गंभीर चोटें आईं। उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। मामला नरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़का खेत पलिया खास गांव का है। जानकारी के अनुसार, सुनील शर्मा के घर पर ईंट की दीवार पर टीन शेड लगा हुआ था। लगातार हो रही रिमझिम बरसात के बीच अमित शर्मा (18), गोलू शर्मा (14) और सन्नी गोंड (15) टीन शेड के नीचे सो रहे थे। तभी अचानक दीवार भरभरा कर गिर गई और तीनों लड़के उसके मलबे में दब गए।

## पुलिस ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस, ली गई शपथ

**ललितपुर।** महरौनी लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वी जयंती के आयोजन के दृष्टिगत देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को संरक्षित करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से थाना महरौनी जिला ललितपुर मे रन फॉर यूनिटी व एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । जिसमे प्रभारी निरीक्षक महरौनी मय कस्बा चौकी प्रभारी मय समस्त पुलिस बल मय रिक्रुट आरक्षी व सम्भ्रान्त लोग व पत्रकार बंधू व स्कूली अध्यापक व बच्चे सम्मिलित हुये । जिस क्रम मे कस्बा महरौनी मे इन्द्रा चौराहे से बानपुर चौराहा तक दौड का आयोजन कराते हुये बैनर व होर्डिंग्स के माध्यम से राष्ट्रीय एकता व नये आपराधिक कानूनो के सम्बन्ध मे



लोगो को जागरूक किया गया । महान स्वतंत्रता सेनानी एवं स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जंयती को महरौनी पुलिस की ओर से राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाया गया। इस अवसर पर शुक्रवार को महरौनी पुलिस थाने में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेष रूप से आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह ने थाने पर तैनात पुलिसकर्मियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्तूबर 1875 को नडियाद गुजरात के एक किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने जीवन में अनेकों सत्याग्रह किए जिनमें खेड़ा सत्याग्रह, झंडा सत्याग्रह व बारदोली सत्याग्रह शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्राजील में नशे की तस्करी पर बड़ा ऐक्शन, 119 से ज्यादा मौतें, भड़क गई जनता

**रियो डी जनेरियो, एजेंसी।** साउथ अमेरिका के देश ब्राजील में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह पर छापेमारी हुई है। इसमें 119 लोगों की मौत हो गई है। बुधवार को इन मौतों के बाद ब्राजील में काफी प्रदर्शन हुए। इसके अलावा गवर्नर से भी इस्तीफे की मांग की गई है। पुलिस की छापेमार कार्रवाई में रियो डि जनेरियो में ये मौतें हुई हैं। पुलिस की इस कार्रवाई को शहर के इतिहास की सबसे घातक कार्रवाई माना जा रहा है। लोगों ने सड़क पर शव रख कर प्रदर्शन किए और पुलिस पर एक खास वर्ग के लोगों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। इन लोगों ने कहा कि पुलिस पर सख्त ऐक्शन होना चाहिए। बड़ी संख्या में लोग सरकारी मुख्यालय के सामने एकत्र हुए। उन्होंने नारे लगाए और लाल रंग से रंगे ब्राजीलियाई झंडे लहराए। मृतकों की संख्या और शवों की अवस्था (विकृति और चाकू के घाव आदि) को लेकर तत्काल सवाल उठने लगे। ब्राजील के उच्चतम न्यायालय, अभियोजकों और सांसदों ने गवर्नर कास्त्रो से अभियान की विस्तृत जानकारी प्रदान करने को कहा। कई नेताओं ने हैरानी जताई कि आखिर पुलिस के ऐक्शन में इतने लोगों की मौत कैसे हो सकती है। मृतकों की कुल संख्या अधिकारियों द्वारा पूर्व में बताई गई संख्या से कहीं अधिक है। अधिकारियों ने पहले कहा था कि 60 लोग मारे गए हैं। छापे की कार्रवाई लगभग 2,500 पुलिसकर्मियों और सैनिकों ने पेन्हा और कॉम्प्लेक्सो डी अलेमाओ में की थी। स्थानीय निवासी एलिसांगेला सिल्वा सैंटोस (50) ने पेन्हा में कहा, वे उन्हें जेल ले जा सकते थे, उन्हें इस तरह क्यों मार रहे हैं? उनमें से बहुत से जिंदा थे और मदद के लिए पुकार रहे थे। हां, वे तस्कर हैं, लेकिन वे इंसान हैं। पुलिस और सैनिकों ने हेलीकॉप्टरों, बख्तरबंद वाहनों और पैदल ही अभियान शुरू किया, जिसका लक्ष्य 'रेड कमांड' गिरोह था। फिलहाल ब्राजील में इस घटनाक्रम के चलते तनाव की स्थिति है और बड़ी संख्या में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल को तैनात किया गया है।

### अमेरिकी सीनेट में कनाडा पर टैरिफ लगाने के खिलाफ प्रस्ताव पास, ट्रम्प की पार्टी के सदस्यों ने भी समर्थन दिया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सीनेट में बुधवार को कनाडा पर टैरिफ लगाने के खिलाफ प्रस्ताव पास हुआ। इसका मकसद ट्रम्प की कनाडा पर टैरिफ लगाने के अधिकार को खत्म करना था। यह कदम हाल ही में कनाडा में 10% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने के फैसले के बाद लिया गया। द हिल की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्ताव 50–46 वोटों से पास हुआ। चार रिपब्लिकन सांसदों ने भी प्रस्ताव का समर्थन करते हुए टैरिफ खत्म करने के पक्ष में मतदान किया। सीनेट इससे पहले भी 2 अप्रैल को यह प्रस्ताव पास कर चुकी थी, लेकिन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने इसे आगे नहीं बढ़ाया, जिससे प्रक्रिया रुक गई थी। अब डेमोक्रेट सांसद टिम केन ने इसे फिर से पेश किया। उनका कहना है कि कनाडा पर ट्रम्प के टैरिफ लगाने का कोई कानूनी औचित्य नहीं है, क्योंकि इसे आपातकाल अधिनियम के तहत नहीं ठहराया जा सकता। ट्रम्प और कनाडा के बीच विवाद तब बढ़ गया जब कनाडा के ओंटारियो प्रांत ने वर्ल्ड सीरीज के दौरान टीवी पर एक विज्ञापन चलाया था।


### पाकिस्तान में छह सैनिकों की हत्या

**इस्लमाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को सुरक्षा बलों के काफिले पर हुए आईईडी हमले में एक कैप्टन समेत छह सैनिक मारे गए। सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर के अनुसार, यह हमला अफगानिस्तान सीमा से सटे कुर्रम जिले के सुल्तानी क्षेत्र में हुआ। आतंकवादियों ने काफिले पर गोलीबारी की, जिसके बाद गोलीबारी के दौरान डोगर के पास आईईडी विस्फोट हुआ, जिससे भारी जनहानि हुई। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। जवाबी कार्रवाई में सात आतंकवादी मारे गए। हाल के महीनों में पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों में तेजी आई है, खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में, जहां पुलिस और सुरक्षा बलों को निशाना बनाया जा रहा है।

### फ्लोरिडा के विश्वविद्यालयों में एच–1बी वीजा पर नियुक्तियां समाप्त होंगी, गवर्नर डेसेंटिस का फरमान

**फ्लोरिडा, एजेंसी।** अमेरिका में एच–1बी वीजा का मुद्दा लगातार चर्चा में बना हुआ है। ताजा घटनाक्रम में फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस ने कहा है कि उनके राज्य में जितने भी विश्वविद्यालय हैं, वे अपने पदों पर नौकरियों के लिए अमेरिकियों को नियुक्त करें। गवर्नर के फरमान के मुताबिक कार्य वीजा पर विदेशी श्रमिकों को नहीं रखा जाएगा। उन्होंने कहा, देश भर के विश्वविद्यालय नौकरी करने के लिए उपलब्ध योग्य अमेरिकियों को नियुक्त करने के बजाय एच–1बी वीजा पर विदेशी श्रमिकों को आयात कर रहे हैं।

# सदी के ताकतवर तूफान ने मचाई भारी तबाही; क्यूबा में 30 की मौत, जमैका में राहत शिविरों में 25000 लोग




**सैंटियागो डी क्यूबा, एजेंसी।** सदी के सबसे ताकतवर तूफानों में से एक मेलिसा ने क्यूबा, हैती और जमैका में भारी तबाही मचाई है। इस तूफान के कारण दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि हजारों घरों की छतें उड़ गईं, बिजली के खंभे गिर गए और जगह-जगह पानी से भरा मलबा दिखाई दे रहा है। जमैका के सेंट एलिजाबेथ जिले के सांता क्रूज इलाके में भूस्खलन के कारण मुख्य सड़कें बंद हो गईं। गलियां कीचड़ के गड्ढों में बदल गईं। लोग घरों से पानी निकालने की कोशिश करते दिखे। तूफान की तेज रफ्तार के कारण एक हाई स्कूल की छत भी उड़ गई। इस स्कूल का इस्तेमाल राहत शिविर के रूप में किया जा रहा था। वहीं स्थानीय निवासी जेनिफर स्मॉल ने कहा, मैंने अपने पूरे जीवन में ऐसा कभी नहीं देखा। अभी तक नुकसान का पूरा अनुमान नहीं लगाया जा सका है, क्योंकि कई इलाकों में बिजली और संचार व्यवस्था ठप है। जमैका की शिक्षा मंत्री डाना मॉरिस डिक्सन ने कहा, फिलहाल हम निश्चित रूप से कुछ नहीं कह सकते। मेलिसा ने मंगलवार को जमैका में पांचवीं श्रेणी के तूफान के रूप में दस्तक दी थी, जिसकी हवाओं की रफ्तार 295 किलोमीटर प्रति घंटा थी। यह अटलांटिक महासागर के इतिहास के सबसे ताकतवर तूफानों में से एक रहा है। बाद में यह क्यूबा की ओर बढ़ गया, लेकिन इसके असर से आसपास के देश भी प्रभावित हुए। हैती में 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग लापता हैं। हैती की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने बताया कि मृतकों में से 20 और लापता लोगों में से 10 दक्षिणी तटीय कस्बे के हैं, जहां बाढ़ के कारण दर्जनों घर ढह गए। जमैका में भी अब तक आठ लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। क्यूबा में बुधवार को कई मकान ढह गए, सड़कें बंद हो गई और इमारतों की छतें उड़ गईं। सबसे ज्यादा नुकसान दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पश्चिम इलाकों में हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 7.35 लाख लोग अब भी राहत शिविरों में हैं। सैंटियागो डी क्यूबा के निवासी रेनाल्डो चरॉन (52 वर्षीय) ने कहा, वो रात नर्क जैसी थी। पूरी रात बहुत खौफनाक थी। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अब यह श्रेणी-2 का तूफान बन चुका है और यह अगले कुछ घंटों में बहामास में तेज हवाओं और बाढ़ का कारण बन सकता है।

**जमैका में राहत शिविरों में 25 हजार से अधिक लोग :** जमैका में 25 हजार से अधिक लोग राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं। तूफान ने उनके घरों की छतें उड़ा दीं और उन्हें बेघर कर दिया। बिजली मंत्री डिक्सन ने बताया कि 77 फीसदी इलाकों में बिजली नहीं है। जमैका के आपदा प्रबंधन विभाग के कार्यकारी निदेशक रिचर्ड थॉम्पसन ने बताया कि कुछ जगहों पर संचार पूरी तरह ठप है, जिससे नुकसान का आकलन मुश्किल हो रहा है। प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस ने कहा, पुनर्निर्माण में समय लगेगा, लेकिन सरकार पूरी तरह सक्रिय है। राहत सामग्री तैयार की जा रही है और हम सामान्य स्थिति बहाल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। वहीं, दक्षिण-पश्चिमी तटीय शहर ब्लैक रिवर के मेयर रिचर्ड सोलोमन ने कहा, हम जो देख रहे हैं, उसके मुकाबले विनाशकारी शब्द भी छोटा लगता है। उन्होंने बताया कि स्थानीय अस्पताल, पुलिस और राहत सेवाएं बाढ़ में डूब गईं और काम नहीं कर पा रही हैं। जमैका के परिवहन मंत्री डैरिल वाज ने कहा कि दो हवाई अड्डे राहत राहत उड़ानों के लिए खोले जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियां और कई गैर-सरकारी संगठन राहत सामग्री वितरण के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, तबाही बहुत बड़ी है। हमें एकजुट होकर काम करना होगा ताकि जरूरतमंद लोगों की मदद की जा सके। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि अमेरिका कैरेबियाई देशों में राहत और बचाव के लिए टीमें भेज रहा है।

**हैती में 10 बच्चों समेत 20 की मौत, कई घर पूरी तरह नष्ट :** हैती के पेटिट-गोआव कस्बे में तूफान मेलिसा ने 160 से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचाया और 80 घर पूरी तरह नष्ट हो गए। यहां मारे गए 20 लोगों में से 10 बच्चे थे। स्थानीय निवासी चार्ली सेंट-विल (30 वर्षीय) ने बताया कि तूफान के बाद सड़कें मलबे में बदल गईं और कई जगहों पर शव बिखरे पड़े थे। लोग अपने लापता बच्चों की तलाश में चीख रहे थे। उन्होंने कहा, लोगों ने सब कुछ खो दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि राजनीतिक अस्थिरता के कारण अब लोगों को दवाओं, पानी और खाने की भारी चिंता सता रही है। हमें नहीं पता कि कल या परसों क्या होगा। फिलहाल लोग एक-दूसरे की मदद कर रहे हैं। सेंट-विल ने अपने घर में कुछ बेघर पड़ोसियों को शरण दी है। उन्होंने कहा, मैं जितना कर सकता हूं कर रहा हूं, लेकिन हालात सबके लिए बेहद कठिन हैं। सैंटियागो डी क्यूबा में बुधवार को लोग अपने गिरे हुए घरों के मलबे को हटाने में जुटे थे। स्थानीय मछुआरे एलेक्सिस रामोस (54 वर्षीय) ने कहा, जान बच गई, यही सबसे जरूरी है। लेकिन इसे फिर से बनाना बहुत महंगा पड़ेगा।

## पुतिन ने कर दी यूक्रेन के दो शहरों की घेराबंदी, सरेंडर कराने पर तुले रूस के सैनिक



**मास्को, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को दावा किया कि रूसी सैनिकों ने यूक्रेन के दो प्रमुख पूर्वी शहरों में यूक्रेनी सेना को घेर लिया है और उनसे आत्मसमर्पण करने को कहा है, वहीं यूक्रेन के सैन्य अधिकारियों ने पुतिन के इस दावे का खंडन किया है। पुतिन ने मॉस्को के एक सैन्य अस्पताल में घायल सैनिकों के साथ बातचीत में कहा कि रूसी सैनिक यूक्रेन और पश्चिमी देशों के पत्रकारों के लिए सुरक्षित गलियारे खोलने के लिए तैयार है ताकि वे अपनी आंखों से देख सकें कि क्या हो रहा है।

**पुतिन ने किया इन दो शहरों को घेरने का दावा :** रूसी राष्ट्रपति ने दावा किया कि पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के एक प्रमुख गढ़ पोक्रोवस्क और उत्तर-पूर्वी खार्किव क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण रेल जंक्शन कुपियांस्क में यूक्रेनी सैनिकों को घेर लिया गया है। वहीं पुतिन के दावों से ठीक उलट यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने कहा कि कुपियांस्क को घेर लिए जाने के दावे मनगढ़ंत और काल्पनिक हैं। यूक्रेन की पूर्वी सेना के प्रवक्ता ह्रीहोरी शापोवाल ने 'एसोसिएटेड प्रेस' से कहा कि पोक्रोवस्क में हालात कठिन लेकिन नियंत्रण में हैं।

**क्या चाहते हैं पुतिन :** पोक्रोवस्क की रक्षा कर रही यूक्रेनी सेना की 7वीं रैपिड रिएक्शन कोर ने कहा है कि रूस ने शहर को घेरने के लिए लगभग 11,000 सैनिकों को तैनात किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उसने स्वीकार किया कि कुछ रूसी सैन्य इकाइयां पोक्रोवस्क में घुसपैठ करने में कामयाब रही हैं। पुतिन ने बुधवार को संकेत दिया कि रूस दोनों शहरों में मौजूद यूक्रेनी सैनिकों के आत्मसमर्पण के बदले कोई समझौता करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इन इलाकों का दौरा करने से पत्रकारों को घेरे गए यूक्रेनी सैनिकों की स्थिति का पता चल सकेगा और यूक्रेन का राजनीतिक नेतृत्व अपने नागरिकों के भविष्य के बारे में उचित निर्णय ले सकेगा। वॉशिंगटन के एक थिंक टैंक इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर ने मंगलवार देर रात कहा कि रूसी सेना पोक्रोवस्क क्षेत्र में आगे बढ़ गई है लेकिन पोक्रोवस्क शहर के भीतर किसी भी मोर्चे पर उनका नियंत्रण नहीं है। कुपियांस्क की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर, यूक्रेन के संयुक्त बल कार्यबल के प्रवक्ता विक्टर त्रेहुबोव ने कहा कि पुतिन का दावा जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाता।

## प्रशांत महासागर में अमेरिका ने फिर बनाया नौका को निशाना, मादक पदार्थ की तस्करी का लगाया आरोप; चार की मौत



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बुधवार को बताया कि अमेरिकी सेना ने प्रशांत महासागर के पूर्वी हिस्से में एक और नाव पर हमला किया है। हेगसेथ ने आरोप लगाया कि इस नौका पर नशीले पदार्थ ले जाए जा रहे थे। इस हमले में नाव पर सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई। हेगसेथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि खुफिया विभाग ने पाया कि यह नाव एक पहचाने हुए मादक पदार्थ तस्करी मार्ग पर चल रही थी और उसमें ड्रग्स मौजूद थे। उन्होंने बताया कि अमेरिका की तरफ से हमला अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में किया गया और किसी अमेरिकी सैनिक को कोई नुकसान नहीं हुआ। हेगसेथ ने घटना का जो वीडियो साझा किया है, उसमें नाव को विस्फोट के साथ आग की लपटों में घिरते देखा जा सकता है। गौरतलब है कि ट्रंप प्रशासन बीते दो महीनों से दक्षिण अमेरिका के तटीय जलक्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चला रहा है और वहां अमेरिकी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है। इन कार्रवाइयों से यह अटकलें तेज हुई हैं कि अमेरिका का असली मकसद वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाना है। अमेरिका उन पर लंबे समय से मादक पदार्थों के जरिए आतंकवाद (नार्को-टेररिज्म) फैलाने का आरोप लगाता आया है। हालांकि, ट्रंप प्रशासन अब तक यह साबित नहीं कर पाया है कि जिन नावों पर हमले किए गए, वे वास्तव में मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल थीं या नहीं। साथ ही अमेरिका ने मारे गए लोगों की पहचान भी उजागर नहीं की है। ये हमले सितंबर की शुरुआत से जारी हैं।

## नेपाल में अंतरिम सरकार के गठन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, संसद भंग करने पर राष्ट्रपति और पीएम से मांगा जवाब

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में सत्ता परिवर्तन और संसद भंग करने को लेकर उठे राजनीतिक विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। अदालत ने प्रतिनिधि सभा को भंग करने के खिलाफ मांगी गई अंतरिम रोक को खारिज कर दिया है। हालांकि, कोर्ट ने राष्ट्रपति कार्यालय सहित अन्य प्रतिवादियों से इस फैसले पर लिखित जवाब मांगा है। यह मामला नेपाल की राजनीति में एक बार फिर अस्थिरता का संकेत दे रहा है। नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को वर्तमान अंतरिम सरकार के गठन और प्रतिनिधि सभा के विघटन के खिलाफ दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने याचिकाकर्ताओं की उस मांग को अस्वीकार कर दिया जिसमें संसद भंग करने पर तत्काल रोक लगाने की गुहार लगाई गई थी। कोर्ट ने राष्ट्रपति कार्यालय सहित सरकार से पूछा है कि अंतरिम आदेश क्यों न दिया जाए। अदालत ने सभी पक्षों को एक सप्ताह के भीतर लिखित जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

**अंतरिम प्रधानमंत्री से जेन-जी और अन्य राजनीतिक पक्षों की मुलाकात :** इसी बीच नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने बुधवार को त्रिपक्षीय बैठक में जेन जी प्रतिनिधियों से बातचीत की। जेन-जी ने पीएम से भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और देश में सुशासन सुनिश्चित करने की मांग की। बैठक में सरकार, राजनीतिक दलों और जेन जी समूह के कई प्रतिनिधि मौजूद रहे। यह चर्चा मुख्य रूप से 5 मार्च को प्रस्तावित आम चुनाव, भ्रष्टाचार, सुशासन और 8-9 सितंबर को हुए जेन जी आंदोलन के दौरान जान-माल के नुकसान के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई के मुद्दों पर केंद्रित रही। जेन जी प्रतिनिधियों ने कहा कि समय पर संसदीय चुनाव जरूरी हैं, लेकिन केवल चुनाव कराना ही पर्याप्त नहीं होगा। प्रधानमंत्री कार्की ने कहा कि देश का निर्माण और विकास युवाओं के हाथों में है और संवाद की प्रक्रिया लगातार जारी रहनी चाहिए।

**सरकार गठन की पृष्ठभूमि :** यह पूरा मामला तब शुरू हुआ जब जनरेशन जेड आंदोलन के दबाव में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने नौ सितंबर को इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद 12 सितंबर को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया और प्रतिनिधि सभा को भंग कर दिया। प्रधानमंत्री की सिफारिश पर राष्ट्रपति ने पांच मार्च 2026 को आम चुनाव कराने की घोषणा की थी। इस कदम ने देश में संवैधानिक बहस और राजनीतिक विरोध को हवा दे दी।

**याचिकाओं और कानूनी दलीलों की स्थिति :** सरकार गठन और प्रतिनिधि सभा के विघटन के खिलाफ अब तक एक दर्जन से अधिक रिट याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं। इन याचिकाओं में राष्ट्रपति कार्यालय को भी प्रतिवादी बनाया गया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने दलील दी कि पूर्व मुख्य न्यायाधीश को प्रधानमंत्री बनाना संविधान के विरुद्ध है। वरिष्ठ अधिवक्ता टिकराम भट्टराई, नेपाल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गोपाल कृष्ण घिमिरे और अधिवक्ता खम्मा बहादुर खाती ने अदालत से कहा कि यह सरकार असंवैधानिक है और इसे कोई दीर्घकालिक निर्णय लेने का अधिकार नहीं होना चाहिए।

# ट्रंप को सीनेट से झटका, चार रिपब्लिकन सांसदों ने की बगावत; कनाडा पर टैरिफ हटाने से जुड़ा विधेयक पारित

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बुधवार को सीनेट ने बुधवार को सीनेट से एक और झटका लगा है। दरअसल, संसद (कांग्रेस) के ऊपरी सदन के सदस्यों ने ट्रंप प्रशासन के उस फैसले के खिलाफ 50-46 के अंतर से मतदान किया, जिसके तहत उन्होंने कनाडा पर भारी आयात शुल्क (टैरिफ) लगाए थे। ट्रंप ने हाल में कनाडा पर दस फीसदी अतिरिक्त टैरिफ इसलिए लगा बढ़ा दिए थे, क्योंकि वहां के एक टेलीविजन विज्ञापन में उनकी व्यापार नीतियों की आलोचना की गई थी। द हिल की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। चार रिपब्लिकन सीनेटर ने किया प्रस्ताव का समर्थन रिपब्लिकन पार्टी के चार सीनेटर सुसान कॉलिन्स (मेन), मिशेल मैककोनेल (केंटकी), लिसा मुर्कोव्स्की (अलास्का) और रैंड पॉल (केंटकी) ने डेमोक्रेटिक सीनेटर के साथ मिलकर प्रस्ताव का समर्थन किया, जिससे ट्रंप के टैरिफ लगाने के अधिकार को खत्म किया जा सके। सीनेट ने इससे पहले भी दो अप्रैल को यही प्रस्ताव पारित किया था। लेकिन तब रिपब्लिकन पार्टी के नियंत्रण वाले सदन ने इसे आगे नहीं बढ़ाया था। इस प्रस्ताव को डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर टिम केन (वर्जीनिया) ने दोबारा पेश किया। उन्होंने कहा कि ट्रंप का कनाडा पर टैरिफ लगाना अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति कानून के तहत उचित नहीं है। कनाडा के साथ साझेदारी तोड़ना टैरिफ का नकारात्मक पहलू: टिम केन सीनेट में चर्चा के दौरान केन ने कहा, मैं कनाडा पर लगाए गए इन टैरिफ का विरोध करता हूं, क्योंकि यहां ऐसी कोई आपात स्थिति नहीं है, जिसके लिए इस कानून का इस्तेमाल किया जाए। कनाडा के साथ लंबे समय से चली आ रही मजबूत साझेदारी को तोड़ना इन टैरिफ का एक बड़ा नकारात्मक पहलू है। मेन की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाएंगे टैरिफः सुसान कॉलिन्स मेन राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली सीनेटर सुसान कॉलिन्स ने कई बार चेतावनी दी थी कि ये टैरिफ उनके राज्य की अर्थव्यवस्था को नुकसाने पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा था, मेन की अर्थव्यवस्था कनाडा से गहराई से जुड़ी हुई है, जो हमारा सबसे बड़ा अहम व्यापारिक साझेदार है। उन्होंने यह भी कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों, पेपर मिलों, वन उद्योगों और मत्स्य पालन पर लगाए गए टैरिफ मेन के कई परिवारों और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाएंगे। ट्रंप और कनाडा के बीच विवाद इस हफ्ते तब और बढ़ गया, जब ओंटारियो में वर्ल्ड सीरीज के दौरान एक टीवी विज्ञापन दिखाया गया, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन का भाषण था, जिसमें उन्होंने टैरिफ का विरोध किया था। ट्रंप ने उस विज्ञापन को तथ्यों के साथ गंभीर छेड़छाड़ और शत्रुतापूर्ण कदम बताया और जवाब में कनाडा से आयात पर 10 फीसदी अतिरिक्त शुल्क बढ़ा दिया।

## 33 साल बाद परमाणु हथियारों के परीक्षण को तैयार अमेरिका, ट्रंप बोले- रूस-चीन कर लेंगे बराबरी, इसलिए जरूरी



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को घोषणा की कि उन्होंने देश के डिपार्टमेंट ऑफ वॉर (पहले इसे डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस के नाम से जाना था) को परमाणु हथियारों के परीक्षण शुरू करने का आदेश दिया है। ट्रंप का यह फैसला रूस और अन्य देशों की तरफ से हाल में किए गए परमाणु परीक्षणों के बाद आया है।

**पहले कार्यकाल में पूरी तरह अपडेट किए थे हथियार :** ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए ट्रंप ने कहा कि उनके पहले राष्ट्रपति कार्यकाल में अमेरिका के सभी परमाणु हथियारों का पूरा अपडेट और नवीनीकरण किया गया था। उन्होंने लिखा, संयुक्त राज्य अमेरिका के पास किसी भी देश से अधिक परमाणु हथियार हैं। यह उपलब्धि मेरे पहले कार्यकाल में हासिल की गई थी। हालांकि ट्रंप ने कहा कि उन्हें इन हथियारों की भारी विनाशकारी शक्ति के कारण परीक्षण करने से घृणा है, लेकिन उन्होंने दावा किया कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा।

**रूस दूसरे और चीन तीसरे स्थान पर :** डोनाल्ड ट्रंप ने आगे कहा कि रूस परमाणु शक्ति के मामले में दूसरा सबसे बड़ा देश है, जबकि चीन अभी काफी पीछे है। उन्होंने लिखा, रूस दूसरा है, और चीन दूर तीसरे स्थान पर है, लेकिन अगले पांच वर्षों में वह बराबरी पर आ जाएगा। ट्रंप के अनुसार, जब अन्य देश अपने परमाणु कार्यक्रमों का परीक्षण कर रहे हैं, तो अमेरिका को भी बराबरी के आधार पर अपने हथियारों का परीक्षण शुरू करना चाहिए। इसी कारण उन्होंने डिपार्टमेंट ऑफ वॉर को तुरंत प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है।

**30 साल बाद बड़ा बदलाव संभव :** राष्ट्रपति ट्रंप का यह बयान वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ा सकता है, क्योंकि अमेरिका ने 1992 के बाद से कोई परमाणु परीक्षण नहीं किया है। अमेरिका कॉम्प्रिहेंसिव न्यूक्लियर-टेस्ट-बैन ट्रीटी का हिस्सा है, जो सभी परमाणु विस्फोटक परीक्षणों पर रोक लगाता है, हालांकि इस संधि को अमेरिका ने औपचारिक रूप से कभी मंजूर नहीं किया। वहीं रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 2023 में एक कानून पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत रूस ने सीटीबीटी संधि से अपनी मंजूरी वापस ले ली थी, ताकि वह अमेरिका के समान स्थिति में रह सके।

# ट्रम्प बोले- अमेरिका-चीन के बीच ट्रेड डील हुई, चीन पर 10% टैरिफ कम किया

**सियोल, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि चीन के साथ ट्रेड डील पूरी हो गई है। इस पर अब दस्तखत होना बाकी है। ट्रम्प ने यह जानकारी साउथ कोरिया से अमेरिका जाते वक्त प्लेन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने यह भी बताया कि चीन पर 10% टैरिफ कम कर दिया गया है। बदले में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अमेरिका से बड़ी मात्रा में सोयाबीन खरीदने पर तैयार हुए हैं। ट्रम्प ने कहा- मैंने चीन पर फेंटेनाइल के कारण 20% का टैरिफ लगाया था, जो काफी ज्यादा था। लेकिन मैंने इसे अब 10% कम कर दिया है। यह तुरंत लागू होगा। दोनों के बीच गुरुवार को साउथ कोरिया के बुसान में 100 मिनट तक बैठक चली। बिजी शेड्यूल होने की वजह से यह मुलाकात बुसान एयरपोर्ट पर हुई। 6 साल बाद मिले ट्रम्प और जिनपिंग ट्रम्प और जिनपिंग 6 साल बाद मिले। इससे पहले आखिरी बार 2019 में दोनों के बीच बैठक हुई थी। गुरुवार को हुई बैठक से पहले ट्रम्प ने कहा कि आज ही चीन के साथ ट्रेड डील साइन हो सकती है। मुलाकात के दौरान ट्रम्प-जिनपिंग ने हाथ मिलाकर एक-दूसरे का अभिवादन किया। बैठक के दौरान ट्रम्प ने कहा कि उनकी मुलाकात बहुत कामयाब होगी, इसमें उन्हें कोई शक नहीं है।

उन्होंने आगे कहा, शी (चीनी राष्ट्रपति) बहुत सख्त वार्ताकार हैं, ये अच्छी बात नहीं है। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं। चीन के इंटरनेट पर ट्रम्प-शी की मुलाकात बनी टॉप ट्रेंड ट्रम्प और जिनपिंग की मुलाकात को चीन में लाखों लोग ऑनलाइन देख रहे थे। यह मुलाकात चीन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'वीबो' पर सबसे ज्यादा ट्रेंड करने लगी और इसे करीब 25 करोड़ बार देखा गया। बीते कुछ महीनों में अमेरिका और चीन ने एक-दूसरे के खिलाफ लगातार बढ़ते टैरिफ लगाए थे, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था और दोनों देशों के कारोबार



प्रभावित हुए। इसलिए दुनियाभर की नजर इस बात पर थी कि क्या दोनों नेता रिश्तों में स्थिरता लाने की दिशा में कोई बड़ा कदम उठाएंगे। हालांकि बैठक के बाद दोनों नेताओं ने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया और न ही किसी पक्ष ने बैठक का औपचारिक लेटर जारी किया। लेकिन ट्रम्प ने एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से कहा कि एक ट्रेड डील हो गई है, जिसकी साइनिंग जल्द हो सकती है।

**ट्रम्प ने परमाणु परीक्षण के आदेश को सही ठहराया :** ट्रम्प ने 3 दशक बाद अमेरिका के फिर से परमाणु हथियार का परीक्षण के आदेश को सही ठहराया। उन्होंने कहा, रूस और चीन दोनों ऐसा कर रहे हैं। हमारे पास सबसे ज्यादा परमाणु हथियार हैं, लेकिन हम नहीं करतेज लेकिन बाकी देश टेस्टिंग कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हमें भी ऐसा करना चाहिए। उन्होंने यह नहीं बताया कि अमेरिका अपने परमाणु परीक्षण कब और कहां करेगा, बस इतना कहा, हमारे पास टेस्टिंग साइट्स हैं, इसकी घोषणा जल्द की जाएगी। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि इससे दुनिया एक और अधिक खतरनाक परमाणु माहौल में जा सकती है, तो ट्रम्प ने जवाब दिया, मुझे लगता है हमने इसे काफी हद तक नियंत्रण में रखा है। ट्रम्प ने आगे कहा, मैं परमाणु निरस्त्रीकरण देखना चाहूंगा। हम इस बारे में रूस से बात कर रहे हैं, और अगर कुछ होता है तो चीन को भी इसमें शामिल किया जाएगा।

**ट्रम्प ने जिनपिंग से यूक्रेन जंग पर बात की :** ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने जिनपिंग से रूस-यूक्रेन युद्ध पर काफी गंभीरता से चर्चा की। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि वे मिलकर कोशिश करेंगे ताकि यह युद्ध खत्म हो सके। ट्रम्प ने कहा- हम दोनों मानते हैं कि दोनों पक्ष एक-दूसरे से भिड़े हुए हैं और कभी-कभी आपको उन्हें लड़ने देना पड़ता है। लेकिन जिनपिंग इसमें हमारी मदद करेंगे और हम यूक्रेन के मसले पर साथ काम करेंगे। अब इससे ज्यादा हम कुछ नहीं कर सकते। ट्रम्प ने बताया कि वे अप्रैल 2026 में चीन का दौरा करेंगे। इसके बाद शी जिनपिग भी अमेरिका आएंगे। ट्रम्प ने एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से कहा, मैं अप्रैल में चीन जाऊंगा और इसके बाद शी जिनपिंग यहां आएंगे। यह मुलाकात फ्लोरिडा, पाम बीच या वॉशिंगटन डीसी कहीं भी हो सकती है। ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका और चीन के बीच रेयर अर्थ मटेरियल से जुड़ा विवाद अब सुलझ गया है, हालांकि उन्होंने इस समझौते के बारे में विस्तार से कोई जानकारी नहीं दी।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
शनिवार 01 नवंबर 2025
Www.vishalindia.in

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टी20 में भारतीय टीम को चार विकेट से हराया

**मेलबर्न (एजेंसी)।** मिशेल मार्श की 46 रन की पारी की सहायता से ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय क्रिकेट टीम को दूसरे टी20 में चार विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारतीय टीम 125 रनों पर ही आउट हो गयी इसके बाद जीत के लिए मिले 126 रनों के लक्ष्य को मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 13.2 ओवर में ही 6 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

126 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को कप्तान मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड ने तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 51 रन जोड़े। इस जोड़ी को वरुण चक्रवर्ती ने हेड को आउट कर तोड़ा। हेड ने 15 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 28 रन की पारी खेली। वहीं, मार्श अर्धशतक 26 गेंद में दो चौके और चार छक्कों की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुए। जोश इंग्लिस ने 20 रन बनाए। वहीं, टिम डेविड एक रन बना सके। स्टोइनिस ने नाबाद छह रन की पारी खेल ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह , कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती तीनों ने ही दो-दो विकेट लिएस।

वहीं इससे पहले भारतीय टीम की बल्लेबाजी विफल रही और केवल अभिषेक शर्मा 68 रन और हर्षित राणा 35 ही कंगारु गेंदबाजों का सामना कर पाये बाकि खिलाड़ी दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये। अभिषेक ने 37 गेंदों में 7 चौके और 2 छक्के लगाये जबकि राणा ने 33 गेंदों पर 3 चौके और एक छक्का लगाया। भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और शुभमन गिल 5 रन बनाकर ही आउट हो गये। इसके बाद अभिषेक ने 23 गेंदों पर अर्धशतक लगाकर पारी को संभाला और सबसे अधिक 68 रन बनाये। अभिषेक के अलावा हर्षित राणा ने 35 रन बनाये। वहीं बाकि बल्लेबाज असफल रहे। 23 रनों पर भारत को संजू सैमसन 2 रन के रूप में दूसरा, और 32 के स्कोर पर कप्तान सूर्यकुमार यादव 1 रन और तिलक वर्मा 0 के रूप में तीसरा और चौथा झटका लगा। अक्षर पटेल 7 रन आउट होने वाले पांच खिलाड़ी रहे।

105 के स्कोर पर हर्षित राणा के रूप में छठा और 109 के स्कोर पर शिवम दुबे 4 रन के रूप में सातवां विकेट गिरा ! कुलदीप के रूप में आठवां झटका लगा है, वह खाता भी नहीं खोल पाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से 3 विकेट जोश हेजलवुड ने लिए और 2-2 विकेट जैवियर बार्टलेट और नैथन एलिस ने लिए।



# हार से निराश ऑस्ट्रेलियाई कप्तान हीली लेंगी संन्यास



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान एलिस हीली ने भारतीय टीम के खिलाफ महिला विश्वकप सेमीफाइनल में मिली हार पर निराशा जताते हुए संन्यास के संकेत दिये हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम को सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने पांच विकेट से हराय था। हीली ने कहा कि यह उनका इस प्रारुप का अंतिम मैच हो सकता है।

भारतीय टीम ने इस मैच में 339 रनों का कठिन लक्ष्य हासिल किया था। हीली ने मैच के बाद कहा, इस पूरे टूर्नामेंट में सभी ने अच्छी तरह योगदान दिया। यही वजह है कि हारने वाली कप्तान बनकर खड़े रहना निराशाजनक लग रहा है। हमने कई अवसर बनाएं। हमने दबाव बनाया। मगर हम मैच अपने नाम नहीं कर पाये।

भारतीय टीम की जीत में जेमिमा रोड्रिग्ज 127 और हरमनप्रीत कौर 89 रनों की अहम भूमिका रही। हीली ने जेमिमा का कैच तब गिरा दिया था जब वह 82 रन पर थीं। यह कैच ऑस्ट्रेलिया की हार का कारण बना।

इस खिलाड़ी ने कहा कि उगला विश्वकप खेलने की उनकी कोई योजना नहीं है। साथ ही कहा कि अब उनका लक्ष्य अगले साल होने वाला टी20 विश्वकप है।

हीली ने अब तक 123 एकदिवसीय मैच में सात शतक और 18 अर्धशतकों की सहायता से 3563 रन बनाए। उनकी औसत 35.98 और स्ट्राइक रेट 100 के करीब रहा।

# महिला विश्वकप क्रिकेट : भारतीय टीम रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी

**–विश्व क्रिकेट को मिलेगी नई चैम्पियन टीम**



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में मिली बड़ी जीत के साथ ही विश्वकप फाइनल में जगह बनायी है। अब खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम रविवार दो नवंबर को दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला करेगी। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 339 रनों का सबसे बड़ा लक्ष्य विश्वकप में हासिल कर एक नया रिकार्ड भी बनाया है। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया। इसी के साथ ही भारतीय टीम ने साल 2005 और 2017 के बाद तीसरी बार फाइनल में जगह बनायी है।

सेमीफाइनल में जेमिमा रोड्रिग्स की नाबाद 127 रन और कप्तान हरमनप्रीत कौर की 89 रन की पारी के बल पर भारतीय टीम फाइनल में पहुंची है। यहां भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले में जो भी टीम जीतेगी रिकार्ड बनेगा ही। भारतीय टीम दो बार उप विजेता रही है जबकि दक्षिण अफ्रीका पहली बार फाइनल में पहुंची है।

महिला विश्व कप फाइनल 2 नवंबर को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने इसी मैदान पर सेमीफाइनल जीता है जिससे उसकी यहां जीत की संभावनाएं कई गुना बढ़ गयी हैं। टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है और वह पूरे उत्साह से उतरेगी। वहीं दक्षिण अफ्रीका की टीम ने लीग स्तर पर भारतीय टीम को हराया था जिससे वह प्रेरित रहेगी।

इस प्रकार महिला एकदिवसीय विश्व कप में 25 साल बाद विश्क क्रिकेट को नया विश्व चैंपियन मिलेगा। इससे पहले वर्ल्ड कप 2000 में ऐसा हुआ था, जब न्यूजीलैंड ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर खिताब जीता था। इसके अलावा हमेश ही ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमों ने खिताब जीते थे। इस बार विश्व कप फाइनल के साथ ही विश्व क्रिकेट को चौथी चैंपियन टीम मिलेगी।

भारतीय टीम के ग्रुप स्तर तक का सफर मिलाजुला रहा है उसने 7 मैच खेले जिसमें से उसे 3 में हार मिली जबकि एक मुकाबले में उसे अंक बांटने पड़े। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने भी शुरुआती हार से उबरकर फाइनल में जगह बनायी है। उसने ग्रुप स्टेज पर 7 में से 5 मैच जीते जबकि दो में उसे हार का सामना करना पड़ा है।

# खत्म हो सकता है इंतजार, एक-दो दिन में भारत पहुंच सकती है एशिया कप ट्रॉफी

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) को उम्मीद है कि एशिया कप विजेता ट्रॉफी 'एक या दो दिन में' मुंबई स्थित उसके मुख्यालय पहुंच जाएगी लेकिन अगर हालात में कोई प्रगति नहीं होती है तो भारतीय बोर्ड चार नवंबर को इस मामले को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) के समक्ष उठाएगा।

भारत ने दुबई में हुए फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर एशिया कप जीता लेकिन पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। वह एशियाई क्रिकेट परिषद (ACC) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के अध्यक्ष भी हैं। यह तब हुआ जब भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दोनों देशों के बीच विवाद के कारण अपने पाकिस्तानी समकक्ष से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया।

नकवी पहले ही बता चुके हैं कि ट्रॉफी भारत को सौंपी जा सकती है लेकिन इसे वह स्वयं प्रदान करेंगे। एशिया कप जीत के एक महीने से ज्यादा समय बाद भी BCCI अब भी आधिकारिक तौर पर ट्रॉफी सौंपे जाने का इंतजार कर रहा है। BCCI के संयुक्त सचिव देवजीत सैकिया ने विशेष



बातचीत में कहा, 'जिस तरह से एक महीने बाद भी हमें ट्रॉफी नहीं दी गई है, उससे हम थोड़े नाखुश हैं। हम इस मामले को आगे बढ़ा रहे हैं। लगभग 10 दिन पहले भी हमने ACC के अध्यक्ष को एक पत्र लिखा था लेकिन उनके रुख में कोई बदलाव नहीं आया है।'

उन्होंने कहा, 'अब भी ट्रॉफी उनके पास है, लेकिन हमें उम्मीद है कि एक-दो दिन में यह ट्रॉफी मुंबई स्थित BCCI कार्यालय में हमारे पास पहुंच जाएगी।' सैकिया ने कहा कि अगर ट्रॉफी जल्द ही नहीं सौंपी गई तो बीसीसीआई चार नवंबर से दुबई में होने वाली ICC की तिमाही बैठक में इस मुद्दे को उठाएगा। BCCI ने आधिकारिक तौर पर ट्रॉफी वापस करने का अनुरोध किया है लेकिन नकवी कथित तौर पर अपने रुख पर अड़े हुए हैं और सुझाव दे रहे हैं कि भारतीय खिलाड़ी भविष्य में किसी कार्यक्रम में इसे व्यक्तिगत रूप से ले लें क्योंकि अभी तक कोई औपचारिक समाधान नहीं हुआ है।

सैकिया ने कहा, 'BCCI की ओर से हम इस मामले से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और मैं भारत के लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि ट्रॉफी भारत वापस आएगी, बस समय सीमा तय नहीं है। पर एक दिन यह आएगी।' टेस्ट क्रिकेट में पहली बार भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच अगले महीने गुवाहाटी में होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में पारंपरिक सत्रों के क्रम में बदलाव देखने को मिल सकता है जिसमें लंच से पहले चाय परोसी जा सकती है। सैकिया ने पुष्टि की कि गुवाहाटी में सूर्योदय और सूर्यास्त जल्दी होने के कारण खेल के समय में संभावित बदलाव के बारे में चर्चा चल रही है।

# श्रेयस बोले, हर दिन बेहतर हो रहा, समर्थन के लिए प्रशंसकों का आभार जताया



सिडनी ।भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने कहा है कि वह अब पहले से ठीक हैं और अच्छा महसूस कर रहे हैं।श्रेयस को उम्मीद है कि वह शीघ्र ही इस चोट से उबर जाएंगे।वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय के दौरान एलेक्स कैरी का एक कैच पकड़ते समय पसली में चोट लगाने के बाद हुए रक्तस्राव के कारण गंभीर रुप से घायल हो गये थे और आईसीयू में भर्ती थे।उन्होंने इसी चोट को लेकर कहा, '' मैं उबर रहा हूं और प्रतिदिन पहले से बेहतर हो रहा हूं।

श्रेयस ने कहा '' लोगों की शुभकामनाओं और मिले समर्थन से मैं उत्साहित हूं।मुझे याद रखने के लिये धन्यवाद। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा, ''उसकी हालत अब स्थिर है और वह अब भी निगरानी में है।दोबारा हुई स्कैन जांच में काफी सुधार दिखा और श्रेयस ठीक हो रहा है।बीसीसीआई ने साथ ही कहा कि मेडिकल टी उनकी सेहत पर नजर रखे हुए है।श्रेयस मैच के दौरान फिजियो की सहायता से मैदान से बाहर चले गए थे पर ड्रेसिंग रुम में वह बेहोश हो गये थे, जिसके कारण उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।बाद में किए गए परीक्षणों से पता चला कि तिल्ली में चोट लगने के कारण आंतरिक रक्तस्राव हुआ था, जिसके बाद उन्हें गहन निगरानी के लिए आईसीयू में भर्ती कराया गया था।

# 2027 विश्वकप खेलना चाहते हैं शार्दुल



मुम्बई ।पिछले काफी समय से टीम से बाहर चल रहे ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर भी साल 2027 विश्वकप खेलना चाहते हैं।शार्दुल के अनुसार वह तेज गेंदबाजी के साथ–साथ नंबर–8 पर बल्लेबाजी भी कर सकते हैं।इसलिए उन्हें टीम में जगह मिलनी चाहिये।इस ऑलराउंडर ने अक्टूबर 2023 के बाद से ही सीमित ओवरों का कोई मैच नहीं खेला है।जिससे उनकी दावेदारी कमजोर मानी जा रही है।रणजी ट्रॉफी खेल रहे शार्दुल ने कहा, मेरे लिए टीम में वापसी के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहना बहुत जरूरी है।टी20 विश्वकप दक्षिण अफ्रीका में होने वाला है, इसलिए वहां नंबर आठ पर गेंदबाजी ऑलराउंडर के तौर पर मैं जगब हासिल करना चाहता हूं।. शार्दुल की राह हालांकि आसान नहीं है क्योंकि अभी टीम के पास पहले से ही दो ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी और हर्षित राणा हैं।हर्षित को नंबर–8 पर बल्लेबाजी के लिए उतारा गया था जिससे साफ है कि कि उन्हें इस क्रम पर आजमाया जा रहा है।वहीं नितीश भी एक अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं।वहीं शार्दुल ने कहा कि वह हमेशा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी उन्हें अवसर मिलेगा वह खेलने के लिए तैयार हैं।साथ ही कहा कि मेरे हाथ में केवल प्रदर्शन करना है। बाकि काम चयनकर्ताओं का है।शार्दुल अंतिम बार एकदिवसीय मैच साल 2023 विश्व कप में खेला था।उसके बाद से ही उन्हें अवसर नहीं मिले है

# भारतीय हॉकी टीम को लगा बड़ा झटका, पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और गोलकीपर मनुएल फ्रेडरिक का हुआ निधन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी जगत से एक दुखद ख़बर सामने आई है। भारत को 1972 म्यूनिख ओलंपिक में Bronze Medal दिलाने वाले महान खिलाड़ी और गोलकीपर मनुएल फ्रेडरिक का शुक्रवार को 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह पिछले 10 महीनों से प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे थे। उनके निधन से पूरे भारतीय हॉकी समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है।

**केरल के पहले ओलंपिक पदक विजेता थे खिलाड़ी**

मनुएल फ्रेडरिक का जन्म 20 अक्टूबर 1947 को केरल के कन्नूर जिले के बारनासीरी में हुआ था। वह केरल राज्य से भारत के लिए ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। उनके बाद गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने टोक्यो 2020 और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर इस विरासत को आगे बढ़ाया।

फ्रेडरिक को भारतीय खेल में उनके शानदार योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उन्हें 2019 में युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा प्रतिष्ठित 'ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया था।

**हॉकी इंडिया ने व्यक्त किया गहरा शोक**

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने फ्रेडरिक के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'मनुएल फ्रेडरिक भारत के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर्स में से एक थे। भारतीय हॉकी के सुनहरे दौर में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनके प्रदर्शन ने कई युवाओं को देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रेरित किया। हॉकी इंडिया उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है। हमने एक महान खिलाड़ी खो दिया है, लेकिन उनकी विरासत हमेशा जीवित रहेगी।'

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने भी श्रद्धांजलि दी और कहा कि फ्रेडरिक का समर्पण खासकर केरल जैसे गैर-पारंपरिक हॉकी राज्य से होने के बावजूद अनगिनत युवाओं के लिए प्रेरणादायक था।



# कोपा डेल रे फुटबॉल : एस्पेनयोल सहित चार क्लब जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंचे

मैड्रिड ।एस्पेनयोल और लेवांटे फुटबॉल सहित चार क्लबों ने कोपा डेल रे फुटबॉल के पहले दौर के मैचों में जीत दर्ज की है।एस्पेनयोल ने एटलेटिक लिडा को 2–1 से हराया जबकि दूसरी तरफ लेवांटे ने ओरिहुएला के खिलाफ 4–3 से जीत दर्ज की।सेल्टा विगो ने प्यूर्टो डी वेगा को 2–0 से व रियल बेटिस ने पाल्मा डेल रियो को 7–1 से हराया।एस्पेनयोल की ओर से दोनो ही गोल किके गार्सिया ने किये।किके ने दूसरे मिनट में पेनाल्टी के साथ ही पहला गोल दाग दिया पर एटलेटिक लिडा ने एल्डो वन की बदौलत तीन मिनट बाद ही एक गोल कर स्कोर बराबरी पर ला दिया।इसके बाद किके ने हाफटाइम से ठीक पहले एस्पेनयोल को फिर से बढ़त दिला दी।वहीं लेवांटे का ओरिहुएला के खिलाफ मुकाबला कांटे का रहा।इस मैच में उनाई एल्गेजाबल और जोस लुइस मोरालेस के गोल से शुरुआत में ही लेवांटे ने 2–0 की बढ़त हासिल कर ली।वहीं जेवियर सोल्सोना की पेनाल्टी से किये गोल से ओरिहुएला ने वापसी कर ली। वहीं कार्लोस एस्पी ने 48वें मिनट में गोल कर लेवांटे को फिर से 2 गोल की बढ़त दिलाई पर गोंजालो मिरांडे ने तीन मिनट बाद ही गोल कर लेवांटे की बढ़त कम कर दी। हेक्टर अयोडेले ने आखिरी मिनट में गोल दागते हुए स्कोर 3–3 पर कर दिया पर एस्पी ने 92वें मिनट में गोल कर लेवांटे को जीत दिल दी।एक अन्य मैच में एक हराकर दौर में आसानी से प्रवेश कर लिया है।रियल बेटिस को भी पाल्मा डेल रियो के खिलाफ 7–1 से जीत हासिल करने में कोई दिक्कत नहीं हुई।कोपा का दूसरा दौर 2 से 4 दिसंबर के बीच खेला जाएगा।

# भारतीय टीम की जीत में हरमनप्रीत सहित इन चार खिलाड़ियों की भी रही अहम भूमिका

**मुम्बई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला विश्वकप सेमीफाइनल में भारतीय टीम की जीत में जेमिमा रोड्रिग्ज की शतकीय पारी के अलावा कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित चार और खिलाड़ियों की भी अहम भूमिका रही है। इस मैच में भारतीय टीम ने 339 रनों के विशाल लक्ष्य को हासिल कर एक नया रिकार्ड बनाया। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया के लगातार 15 मैचों की जीत के सिलसिल को भी रोक दिया। अब दो नवंबर को फाइनल में भारतीय टीम का सामना दक्षिण अफ्री से होगा। दक्षिण अफ्रीका ने पहले सेमीफाइनल में इंग्लैंड को हराकर फाइनल में जगह बनायी है।



**हरमनप्रीत कौर:** कप्तान हरमनप्रीत कौर ने एक बार फिर 2017 की ऐतिहासिक पारी के बाद उन्होंने सेमीफाइनल में भी 89 रनों की पारी खेलकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। हरमनप्रीत ने मुश्किल हालात में पारी संभाला और हर ओवर के साथ मैच का रुख भारत की ओर मोड़ा।

**दीप्ति शर्मा:** ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने एक बार फिर साबित किया कि वह कितनी उपयोगी हैं। पहले उन्होंने बीच के ओवरों में स्पिन से ऑस्ट्रेलिया पर अंकुश लगाया फिर बल्लेबाजी में निचले क्रम में रन जोड़े। जब भी टीम को विकेट चाहिए था, दीप्ति ने सफलता दिलाई। वहीं अंत में जब रनों और गेंद के बीच का अंतर बढ़ रहा था तब दीप्ति ने 17 गेंदों पर 24 रनों की पारी खेली।.

**रीचा घोष:** विकेटकीपर बल्लेबाज रीचा घोष भारतीय महिला क्रिकेट टीम की एक भरोसेमंद फिनिशर हैं। सेमीफाइनल में जब रन रेट बढ़ा हुआ था तब रीचा ने निडर होकर 16 गेंदों में तेजी से 26 रन बनाये।

**स्मृति मंधाना:** भरोसेमंद अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 24 गेंदों पर 24 रनों की छोटी लेकिन अहम पारी खेली. शेफाली वर्मा के शुरुआत में आउट होने के बाद स्मृति ने पारी को संभाल।

# सिंधु अब अगले सत्र में ही नजर आयेंगी



नई दिल्ली । महिला बैडमिंटन स्टार पी.वी.सिंधु अब इस सत्र में नजर नहीं आयेंगी। सिंधु अब साल 2026 सत्र से ही वापसी करेंगी।सिंधु ने फिट नहीं होने के कारण बीडब्ल्यूएफ टूर के शेष सभी मुकाबलों से अपना नाम वापस ले लिया है।सिंधु ने कहा कि उन्होंने यह फैसला सहयोगी स्टाफ और खेल चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. दिनशॉ पारडीवाला से बात करने के बाद लिया है। सिंधु ने कहा, 'अपनी टीम और डॉ. पारडीवाला की सलाह के बाद उसने साल 2025 सत्र के बाकी टूर्नामेंट से हटना ही सबसे बेहतर समझा है।इसका कारण है कि उनकी पैर की चोट अभी पूरी तरह ठीक नहीं हुई है।इस खिलाड़ी के अनुनार नाम वापस लेना फैसला नहीं था पर इसके अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं था। साथ ही कहा कि चोटें हर खिलाड़ी के खेल सफर का हिस्सा होती हैं।ये हमारे धैर्य और जज़्बे की भी परीक्षा लेती हैं।' उन्होंने कहा कि वह अभी डॉक्टारें की टीम के सहायोग से रिकवरी और अभ्यास पर ध्यान दे रही हैं सिंधु ने कहा, 'मेरी टीम का मुझपरा काफी भारोसा है जिससे भी मेरा उत्साह हर दिन और बढ़ता है।मैं उनकी आभारी हूं और पहले से कहीं ज्यादा प्रेरित और बेहतर महसूस कर रही हूं।' सिंधु ने अपने प्रशंसकों और समर्थकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह जनवरी 2026 में कोर्ट पर वापसी करेंगी।उन्होंने सोशल मीडिया में लिखा, 'आप सबके प्यार और समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद। यह सफर यहीं समाप्तनहीं होता,जल्द ही एक नई शुरुआत होगी।' गौरतलब है कि पिछले साल पेरिस ओलंपिक में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद से ही सिंधु के लिए इस साल का सत्र अच्छा नहीं रहा है रहा। वह चाइना मास्टर्स सुपर 750, इंडिया ओपन सुपर 750 और विश्व चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल के बाहर हो गयीं थीं।

# हरमनप्रीत के आउट होने के बाद कैसी थी मानसिकता, जेमिमा ने सेमीफाइनल जीतकर खोला राज

**नवी मुंबई (एजेंसी)।** अपने नाबाद शतक से भारत को वनडे विश्व कप फाइनल में ले जाने के बाद भावनाओं पर काबू पाने की कोशिश करते हुए जेमिमा रौड्रिग्स ने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में हरमनप्रीत कौर के आउट होने के बाद उन्हें फिर से फोकस करने में मदद मिली। दबाव में बेहतरीन पारी खेलते हुए जेमिमा ने 134 गेंद में नाबाद 127 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने रिकॉर्ड 339 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आस्ट्रेलिया को हराया। अब फाइनल में सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा।

जेमिमा ने कहा, 'मैं हैरी दी से कह रही थी कि हम दोनों को जीत तक ले जाना है। जब वह आउट हुई तो मुझे फिर से फोकस करने में मदद मिली क्योंकि थकान के कारण मेरी एकाग्रता टूट रही थी। हरमन के आउट होने के बाद मुझे लगा कि अतिरिक्त



जिम्मेदारी से खेलना होगा। मैने खुद से कहा कि वह आउट हो गई है तो उसके लिए मैं ही रन बनाऊंगी, मुझे टिककर खेलना है।' जेमिमा ने कहा, 'इससे मेरा फोकस फिर बना और मैं समझदारी से खेलने लगी।'

प्रेस कांफ्रेंस में बार बार रो पड़ी जेमिमा ने कहा कि भगवान पर अटूट आस्था से उन्हें बेचैनी से उबरने में मदद मिली। उन्होंने कहा, 'मैं प्रार्थना कर रही थी। मैं खुद से बात कर रही थी क्योंकि काफी ऊर्जा खत्म हो चुकी थी। मैं थक गई थी और इसकी वजह से कुछ पेचीदा शॉट खेले। मैं सोच रही थी कि कैसे खेलूं। आक्रामक रहूं या अंत तक टिकी रहूं और मैने सीखा कि अंत तक डटकर खेलना जरूरी था।' उन्होंने कहा, 'मैं खुदा से बात कर रही थी क्योंकि मेरा मानना है कि मेरा उनसे निजी रिश्ता है और जब मैं खुद नहीं कर पाती तो वह मेरे लिए कर देते हैं।'

इस पारी से पहले जेमिमा कठिन दौर से गुजर रही थी और टीम से बाहर भी हुई लेकिन उसके साथी खिलाड़ी उसके साथ डटे रहे। उन्होंने कहा, 'कोई अपनी कमजोरियों के बारे में बात नहीं करना चाहता। टूर्नामेंट की शुरूआत में काफी बैचेनी से गुजर रही थी। अपनी मां को फोन करके पूरा समय रोती रहती थी क्योंकि जब आप इन हालात से गुजर रहे होते हैं तो कुछ सूझ नहीं पड़ता।'

उन्होंने कहा, 'समझ में नहीं आता कि क्या करें। ऐसे समय में मेरे माता पिता ने मेरा खूब साथ दिया। अरूंधति रेड्डी से मैं रोज बात करती थी और उसके सामने रोती थी। स्मृति (मंधाना) ने मेरी काफी मदद की। उसे पता था कि मैं क्या महसूस कर रही हूं। कुछ नेट सत्रों में वह खड़ी रही, कुछ कहा नहीं लेकिन उसे पता था कि उसकी मौजूदगी मेरे लिए अहम है। राधा यादव ने मेरा बहुत ख्याल रखा।' जेमिमा ने मैच के बारे में कहा, 'डी वाई पाटिल स्टेडियम पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। मैं यही सोच रही थी कि टिके रहना है तो रन खुद ब खुद मिलेंगे।'

## एयर इंडिया ने ओनर्स से मांगी 10,000 करोड़ की मदद




### अहमदाबाद हादसे और एयरस्पेस प्र तिबंधों से बढ़ा संकट

**नई दिल्ली** अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे के महीनों बाद एयर इंडिया ने अपने मालिकों टाटा संस और सिंगापुर एयरलाइंस से लगभग 1.1 बिलियन डॉलर (10,000 करोड़ रुपए) की आर्थिक मदद मांगी है। एक रिपोर्ट के अनुसार यह फंडिंग कंपनी अपने सिस्टम्स और सर्विसेज को अपग्रेड करने और इन-हाउस इंजीनियरिंग और मेंटेनेंस डिवीजन बनाने के लिए चाहती है। एयर इंडिया का मार्च 2026 तक ब्रेक-ईवन (लाभ-हानि संतुलन) तक पहुंचने का लक्ष्य अब मुश्किल लग रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि एयर इंडिया की यह मदद की मांग भारतीय एविएशन मार्केट की दिक्कतों को दर्शाती है, जहां कई एयरलाइंस लगातार घाटे के कारण बंद हो चुकी हैं। मौजूदा समय इंडिगो ही एकमात्र घरेलू मुनाफे में चल रही एयरलाइन है, जिसके पास 64 फीसदी मार्केट शेयर है। एयर इंडिया में टाटा समूह की 74.9 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि सिंगापुर एयरलाइंस की 25.1 फीसदी हिस्सेदारी है। कंपनी को मिलने वाली आर्थिक मदद दोनों के ओवनरशिप रेश्यो के आधार पर दी जाएगी। हालांकि, अभी यह तय नहीं हुआ है कि फंडिंग इंटरेस्ट फ्री लोन के रूप में दी जाएगी या इक्विटी निवेश के रूप में। एयर इंडिया की मुश्किलें मई में शुरू हुईं जब भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव के बाद पाकिस्तान ने एयरस्पेस पर प्रतिबंध लगा दिया। भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर हमले किए थे, जो 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले की प्रतिक्रिया में किए गए थे। इसके बाद एयर इंडिया को अपने पश्चिम की ओर लंबी फ्लाइट रूट्स पर उड़ान भरनी पड़ीं, जिससे फ्यूल लागत और ऑपरेटिंग खर्च दोनों बढ़ गए।

## सितंबर में इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात 2.9 फीसदी बढ़ाः ईईपीसी

**कोलकाता** देश से इंजीनियरिंग उत्पादों के निर्यात में सितंबर के दौरान लगातार चौथे महीने बढ़ोतरी दर्ज की गई। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्द्धन परिषद (ईईपीसी) ने हाल ही में यह जानकारी दी। ईईपीसी ने एक बयान में कहा कि सितंबर महीने में इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 2.93 प्रतिशत बढ़कर 10.11 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान अमेरिका को होने वाले निर्यात में 9.4 प्रतिशत की बड़ी गिरावट आने के बावजूद कुल निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई। अमेरिका भारत के इंजीनियरिंग सामान का सबसे बड़ा बाजार है।

## लेंसकार्ट ने आईपीओ से पहले 147 एंकर निवेशकों से 3,268 करोड़ जुटाए

### देशी-विदेशी फंड्स की बड़ी भागीदारी

**नई दिल्ली** आईवियर रिटेल कंपनी लेंसकार्ट सॉल्यूशंस लिमिटेड ने अपने आगामी इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) से पहले ही बाजार में मजबूत भरोसा कायम किया है। कंपनी ने 147 एंकर निवेशकों से 3,268.36 करोड़ रुपए जुटाए हैं। यह निवेश 402 रुपए प्रति शेयर के ऊपरी प्राइस बैंड पर हुआ है। कंपनी ने इस ऑफर के लिए 382 से 402 रुपए प्रति इक्विटी शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। प्रत्येक शेयर का फेस वैल्यू 2 रुपए रखा गया है। निवेशक कम से कम 37 शेयरों की बोली लगा सकते हैं और इसके बाद 37 के गुणक में निवेश कर सकते हैं। एंकर बुक के तहत कंपनी ने 8.13 करोड़ शेयर आवंटित किए हैं। इनमें से लगभग 28.7 मिलियन शेयर (35.34 फीसदी) घरेलू म्यूचुअल फंड्स को दिए गए हैं, जिन्होंने 59 अलग-अलग स्कीमों के माध्यम से निवेश किया है। एंकर निवेशकों में देश की प्रमुख म्यूचुअल फंड कंपनियां जैसे एसबीआई म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, कोटक, एक्सिस, आदित्य बिड़ला सन लाइफ, मिराए एसेट, डीएसपी, फ्रैंकलिन इंडिया, एचएसबीसी, व्हाइटओक कैपिटल और कैनरा रोबेको शामिल हैं।

# रिलायंस और गूगल ने की बडी साझेदारी

## जियो उपयोगकर्ताओं को 18 महीने फ्री मिलेगा एआई प्रो प्लान

**नई दिल्ली**

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी नई इकाई रिलायंस इंटेलिजेंस लिमिटेड के जरिये गूगल के साथ एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को तेज़ी से अपनाना और देश के उपभोक्ताओं, उद्यमों तथा डेवलपर समुदाय को एआई-सक्षम बनाना है। इस साझेदारी के तहत गूगल की अत्याधुनिक एआई तकनीक को रिलायंस के व्यापक नेटवर्क और कनेक्टिविटी के साथ जोड़ा जाएगा। जियो के पात्र उपयोगकर्ताओं को 18 महीने के लिए मुफ्त गूगल एआई प्रो प्लान दिया जाएगा, जिसकी कीमत लगभग 35,100 रुपए है। इस योजना में जे मिनी 2.5 प्रो मॉडल विओ 3.1 और नेनो मॉडल से उन्नत इमेज एवं वीडियो निर्माण की सुविधा, नोटबुकएलएम तक पहुंच और 2 टीबी क्लाउड स्टोरेज शामिल हैं। उपयोगकर्ता इस ऑफर को माय` जियो ऐप से सक्रिय कर सकेंगे। प्रारंभिक चरण में यह सुविधा 18 से 25 वर्ष की आयु के अनलिमिटेड 5जी प्लान उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध होगी, जिसे बाद में सभी जियो ग्राहकों तक विस्तारित किया जाएगा। रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि रिलायंस इंटेलिजेंस का लक्ष्य 1.45 अरब भारतीयों तक एआई सेवाएं पहुंचाना है, ताकि भारत एआई-सशक्त राष्ट्र बन सके। वहीं गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि गूगल और रिलायंस ने पहले भारत में सस्ता इंटरनेट और स्मार्टफोन लाने में अहम भूमिका निभाई थी और अब यह साझेदारी एआई युग में भारत को नई दिशा देगी।

## चीन की कारखाना गतिविधि में लगातार सातवें महीने गिरावट



**हांगकांग** चीन के कारखानों की गतिविधियों में अक्टूबर में लगातार सातवें महीने गिरावट दर्ज की गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार अक्टूबर में विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) 49 पर आ गया, जो सितंबर के 49.8 से कम है। 50 से ऊपर का अंक गतिविधियों के विस्तार और 50 से नीचे का संकुचन दर्शाता है। इसका मतलब है कि चीन का विनिर्माण क्षेत्र अभी भी मंदी की स्थिति में है। अमेरिका और चीन के बीच हालिया व्यापारिक वार्ता के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फेंटानिल से संबंधित शुल्क 20 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी करने और चीनी वस्तुओं पर कुल अमेरिकी शुल्क को 57 फीसदी से घटाकर 47 फीसदी करने की घोषणा की। इस कदम से चीनी उत्पाद अमेरिकी बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धात्मक बन सकते हैं। अमेरिका को होने वाले निर्यात में लगातार छह महीनों से दो अंकों की गिरावट रही है। वहीं, चीन ने दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीका जैसे क्षेत्रों में निर्यात बढ़ाकर विविधता लाई है।

## घाटे में चल रही एयर इंडिया ने मांगी 1.1 अरब डॉलर की मदद

### टाटा और सिंगापुर एयरलाइंस करेंगे सहारा

**नई दिल्ली** टाटा ग्रुप की एयरलाइन एयर इंडिया एक बार फिर सुर्खियों में है। ब्लूमबर्ग और रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार एयर इंडिया अपने दो मुख्य शेयरधारकों टाटा संस और सिंगापुर एयरलाइंस से 1.1 अरब डॉलर (करीब 10,000 करोड़ रुपए) की अतिरिक्त फंडिंग की मांग करने वाली है। यह राशि एयरलाइन को मौजूदा घाटे से उबरने, तकनीकी सिस्टम को आधुनिक बनाने और अपना खुद का इंजीनियरिंग एवं मेंटेनेंस विभाग स्थापित करने के लिए चाहिए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह मदद या तो इक्विटी निवेश के रूप में या बिना ब्याज के ऋण (इंटरेस्ट-फ्री लोन) के रूप में मिल सकती है। अंतिम निर्णय अभी लंबित है। कंपनी पिछले कुछ समय से ऑपरेशनल चुनौतियों और सेफ्टी कंसर्न्स का सामना कर रही है। जून 2025 में अहमदाबाद में हुए बोइंग 787 ड्रीमलाइनर हादसे ने एयरलाइन की स्थिति को और कठिन बना दिया, जिसमें लगभग सभी यात्रियों की मौत हो गई थी। इसके बाद एविएशन रेगुलेटर ने कड़ी जांच शुरू की और एयर इंडिया की अंतरराष्ट्रीय उड़ानें 15 फीसदी तक कम करनी पड़ीं। वित्त वर्ष 2024-25 में एयर इंडिया को करीब 8,000 करोड़ रुपए से अधिक का घाटा हुआ है। साथ ही पाकिस्तान के साथ सीमा तनाव के कारण उड़ान मार्ग लंबा होने से ईंधन लागत बढ़ी और राजस्व घटा। इन परिस्थितियों में सिंगापुर एयरलाइंस अब एयर इंडिया के इंजीनियरिंग, ऑपरेशंस और सर्विसेज के क्षेत्रों में सक्रिय रूप से सहयोग कर रही है।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

## सेंसेक्स 465 , निफ्टी 155 अंक फिसला

**मुम्बई**

भारतय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 465.75 अंक नीचे आकर 83,938.71 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 155.75 अंक टूटकर 25,722.10 पर बंद हुआ। आज बाजार के अधिकतर सूचकांक गिरावट पर बंद हुए।

सबसे अधिक गिरावट निफ्टी मीडिया , निफ्टी मेटल , निफ्टी सर्विसेज, निफ्टी हेल्थकेयर और निफ्टी कमोडिटीज में दर्ज की गई जबकि निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी इंडिया डिफेंस और निफ्टी पीएसई में तेजी रही। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी नीचे आया। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 270.35 अंक की गिरावट के साथ 59,825.90 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 88.90 अंक की कमजोरी के साथ 18,380.80 पर था। सेंसेक्स पैक में बीईएल, एलएंडटी, टीसीएस, आईटीसी और एसबीआई के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे थे। वहीं एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस , सन फार्मा के शेयर गिर हैं।

बाजार जानकारों के अनुसार आज बाजार में गिरावट का कारण , फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल की ओर से ब्याज दरों पर नकारात्मक टिप्पणी रही जिससे विदेशी निवेशकों ने निकासी शुरु कर दी।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत हल्की गिरावट के साथ हुई। सेंसेक्स 84,379.79 पर खुला। वहीं निफ्टी 25,863.80 के स्तर पर खुला। आज एशियाई बाजारों में थोड़ी बढ़त देखने को मिली। निवेशकों को उम्मीद है क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच तनाव कम हो गया है। जापान का निक्केई इंडेक्स एक फीसदी से ज्यादा बढ़कर नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया। टॉपिक्स इंडेक्स भी 0.79 फीसदी ऊपर रहा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स पिछले दिन के रिकॉर्ड के बाद 0.19 फीसदी गिरा, जबकि कोसडैक इंडेक्स 0.47 फीसदी बढ़ा। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 इंडेक्स भी 0.45 फीसदी ऊपर खुला। वहीं अमेरिकी बाजारों में कल गिरावट रही। एसएंडपी 500 0.99 फीसदी टूटा, नैस्डैक 1.58 फीसदी नीचे और डॉव जोन्स 0.23 फीसदी गिरा। यह गिरावट इसलिए आई क्योंकि बड़ी टेक कंपनियों के परिणाम कमजोर रहे।




# भारत की चार कंपनियों को मिला चीन से 'रेयर अर्थ मैग्नेट' आयात लाइसेंस

## अमेरिका ने भारत को चाबहार बंदरगाह परियोजना पर प्रतिबंधों से छह महीने की छूट दी

**नई दिल्ली**

भारत की कुछ कंपनियों को चीन से दुर्लभ खनिज मैग्नेट (रेयर अर्थ मैग्नेट) आयात करने का लाइसेंस मिला है। विदेश मंत्रालय ने हाल ही में इसकी पुष्टि की है। कम से कम चार कंपनियों कॉन्टिनेंटल इंडिया, डीई डायमंड, हिताची और जे उशिन ने चीन से दुर्लभ मैग्नेट के आयात के लिए लाइसेंस प्राप्त किए हैं। इन कंपनियों ने आवश्यक अंतिम उपयोगकर्ता प्रमाणपत्र जमा कर दिए हैं क्योंकि चीन की निर्यात नियंत्रण व्यवस्था के तहत यह अनिवार्य है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस बात की भी पुष्टि की कि अमेरिका ने भारत को चाबहार बंदरगाह परियोजना पर प्रतिबंधों से छह महीने की छूट दी है। चाबहार परियोजना पर अमेरिकी प्रतिबंध में यह छूट 29 अक्टूबर से प्रभावी हो गई है। भारत ने इस परियोजना के विकास में मदद की है। दुर्लभ मैग्नेट के मुद्दे पर विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा` कि हम पुष्टि करते हैं कि कुछ भारतीय कंपनियों को चीन से दुर्लभ मैग्नेट के आयात के लिए लाइसेंस प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत इस बात का आकलन कर रहा है कि दुर्लभ मैग्नेट पर अमेरिका और चीन के बीच बनी सहमति का हमारे देश पर क्या प्रभाव पड़ेगा। इससे पहले दक्षिण कोरिया के बुसान में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की वार्ता के बाद पेइचिंग ने दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ) निर्यात नियंत्रण के अपने नवीनतम दौर को एक वर्ष के लिए रोकने पर सहमति व्यक्त की। यह नियंत्रण 8 नवंबर से प्रभावी होना था। अब तक जिन चार कंपनियों को दुर्लभ मैग्नेट आयात के लाइसेंस मिले हैं, वे भारत के वाहन विनिर्माताओं के प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं।



## 1 नवंबर से बदलेंगे कई अहम नियम, जेब और रोजमर्रा की जिंदगी पर होगा असर

### अब बैंक अकाउंट में चार नॉमिनी जोड़ सकेंगे, पेंशन और एलपीजी दामों में भी बदलाव

**नई दिल्ली** नवंबर की शुरुआत के साथ ही कई ऐसे नियम लागू हो रहे हैं जिनका सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ेगा। 1 नवंबर से बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, पेंशन और गैस सिलेंडर से जुड़ी नीतियों में बदलाव किए गए हैं। नए नियम के अनुसार एक बैंक अकाउंट में अब अधिकतम चार नॉमिनी जोड़े जा सकेंगे। खाता धारक चाहें तो सभी नॉमिनी एक साथ या सक्सेशन ऑर्डर में तय कर सकते हैं। इससे वारिसी विवाद कम होंगे और क्लेम प्रक्रिया आसान होगी। एसबीआई कार्ड ने फीस स्ट्रक्चर में बदलाव किया है। अब सीआरईडी, चेक या मो वि` क्विक जैसे थर्ड पार्टी ऐप्स से एजुकेशन फीस देने पर एक फीसदी चार्ज लगेगा। 1,000 से ज्यादा वॉलेट लोड करने पर भी यही शुल्क लागू होगा। पेंशनर्स को 1 से 30 नवंबर के बीच लाइफ सर्टिफिकेट जमा करना होगा। वहीं एनपीएस से यूपीएस में स्विच करने की आखिरी तारीख बढ़ाकर 30 नवंबर कर दी गई। हर महीने की तरह 1 नवंबर को भी घरेलू और कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में संशोधन किया जा सकता है।

# हिंदुस्तान प्लैटिनम भारत में 'स्पेंट कैटेलिस्ट' के आयात पर कर रही है विचार

**सिंगापुर**

हिंदुस्तान प्लेटिनम, कीमती धातुओं के परिशोधन और विनिर्माण में अग्रणी कंपनी, पश्चिम एशिया, एशिया और यूरोप के तेल शोधन संयंत्रों से उपयोग किए गए उत्प्रेरक (स्पेंट कैटेलिस्ट) आयात करने की संभावनाओं का अध्ययन कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि इसका उद्देश्य भारतीय उद्योगों के लिए प्लेटिनम, पैलेडियम, चांदी और अन्य कीमती धातुओं की दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि कंपनी एक वैश्विक आपूर्ति नेटवर्क विकसित कर रही है। इन स्पेंट कैटेलिस्ट से धातुएँ निकालकर इलेक्ट्रॉनिक, विद्युत, वस्त्र, रेशा, कांच, नाइट्रिक अम्ल और आभूषण उद्योगों को उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी का प्रमुख आपूर्तिकर्ता भारत, सऊदी अरब, कुवैत, कतर, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात हैं। कंपनी नवंबर में फ्रांस के केन्स में आयोजित 'यूरोपीय रिफाइनिंग टेक्नोलॉजी सम्मेलन' में बेल्जियम, जर्मनी, इटली और पोलैंड के शोधनकर्ताओं से चर्चा करेगी। इसी तरह, सिंगापुर इंटरनेशनल एनर्जी वीक के दौरान सिंगापुर, मलेशिया, इंडोनेशिया और थाईलैंड के तेल शोधन संयंत्रों के साथ संभावित आपूर्ति पर बातचीत हुई। हिंदुस्तान प्लेटिनम प्लेटिनम, पैलेडियम और चांदी की उत्पादन क्षमता बढ़ा रही है। साथ ही, कंपनी नवीकरणीय ऊर्जा, विशेषकर सौर ऊर्जा क्षेत्र में भी प्रवेश कर रही है। अगले साल जून में अमेरिका में होने वाले 'इंटरनेशनल प्रेशियस मेटल इंस्टीट्यूट सम्मेलन' में अमेरिकी परिशोधन कंपनियों के साथ आपूर्ति समझौते पर विचार किया जाएगा।



## पीली मटर पर 30 फीसदी आयात शुल्क, चाट-पकौड़े महंगे होने की संभावना

### भारत अपनी जरूरत की अधिकतर पीली मटर कनाडा और रूस से आयात करता है

**नई दिल्ली**

सरकार ने 1 नवंबर से पीली मटर के आयात पर 30 फीसदी शुल्क लगाने का निर्णय लिया है। अब तक पीली मटर पर कोई आयात शुल्क नहीं था और मई 2025 में मार्च 2026 तक शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी गई थी। नए नियम के तहत, यदि बिल ऑफ लैडिंग 1 नवंबर या उसके बाद जारी होता है, तो उस पर 10 फीसदी बेसिक ड्यूटी और 20 फीसदी एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस (एआईडीसी) यानी कुल 30 फीसदी टैक्स लगेगा। पीली मटर चाट, टिक्की, समोसा, कचौड़ी और पकौड़ों जैसी लोकप्रिय स्ट्रीट फूड व्यंजनों में अहम सामग्री है। भारत में पीली मटर की उत्पादन मात्रा बहुत कम है। वित्त वर्ष 2024 में देश में कुल दलहन उत्पादन 2.45 करोड़ टन था, जबकि पीली मटर केवल 12-15 लाख टन रही। वहीं देश में कुल दलहन की खपत 2.7 करोड़ टन है, जिसके कारण भारत को हर साल लगभग 25 लाख टन दालें आयात करनी पड़ती हैं।

भारत अपनी जरूरत की अधिकतर पीली मटर कनाडा और रूस से आयात करता है। वित्त वर्ष 2023-24 में देश ने करीब 20 लाख टन पीली मटर आयात की थी, जो पिछले साल 30 लाख टन तक पहुंच गई थी। 30 फीसदी टैक्स लगने के बाद आयात महंगा हो जाएगा। महंगी मटर के कारण चाट, समोसा, कचौड़ी और पकौड़ों की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। छोटे स्ट्रीट फूड विक्रेता अब महंगा मटर खरीदने में कठिनाई महसूस करेंगे और इसका असर सीधे ग्राहकों की जेब पर पड़ेगा।



# सोने के आभूषणों की मांग 31 फ़ीसदी घटी

## निवेश के लिए सोने की मांग बढ़ी



**मुंबई**

भारत में सोने के आभूषणों का कारोबार दिन प्रतिदिन कम होता जा रहा है। सोने की कीमतों में 60 फ़ीसदी तक की वृद्धि 1 साल में हुई है। दीपावली पर सोना 1,29,584 रुपए के स्तर पर पहुंच गया था।

जुलाई और सितंबर के माह में सोने में 85,000 करोड रुपए का शुद्ध निवेश हुआ है। इसी तिमाही में गहनों की मांग लगातार घटती चली गई, जो मात्र 69 फ़ीसदी रह गई है।

भारत में सोने की कुल खपत 16 फ़ीसदी घटकर 209.4 टन रह गई है। दीपावली के बाद सोने में गिरावट देखने को मिल रही है। चांदी के दाम में भी गिरावट का रुख देखने को मिला है। 10 ग्राम सोने का मूल्य अब 1,20,628 रुपए के स्तर पर पहुंच गया है।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के अनुसार जुलाई से सितंबर माह की तिमाही में भारत में सोने की मांग 20 फ़ीसदी बढ़कर 91.6 टन हो गई। कीमतों में 67 फ़ीसदी की वृद्धि हुई। एक तिमाही में सोने की सबसे ज्यादा कीमतें जुलाई से सितंबर के बीच में बढ़ी है।

आभूषण में 31 फ़ीसदी की कमी

जुलाई सितंबर माह की तिमाही में गहनों के लिए सोने की मांग 31 फ़ीसदी घटकर 117.7 टन रह गई है। सोने के दाम लगातार बढ़ने के कारण आभूषणों की मांग बाजार में लगातार घटती चली जा रही है। वहीं सोने में निवेश करने वालों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। सितंबर माह तक गोल्ड ईटीएफ में निवेश 8363 करोड रुपए का हुआ है। जो एक रिकॉर्ड है।

# सुजुकी ने अपना सीबीजी इनिशिएटिव किया पेश



**नईदिल्ली**

जापान मोबिलिटी शो 2025 में सुजुकी ने अपना सीबीजी इनिशिएटिव पेश किया। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य भारत में बायोगैस को रीसायकल कर मोबिलिटी के क्षेत्र में इसका उपयोग बढ़ाना है।

इस पहल के तहत कंपनी ने अपनी नई कार विक्टोरिस के सीबीजी-संचालित वर्जन को प्रदर्शित किया है, जिसे खासतौर पर अधिक पर्यावरण-अनुकूल बनाने पर ध्यान दिया गया है। विक्टोरिस के इस नए मॉडल में सीएनजी टैंक को बूट की जगह फ्लोर के नीचे लगाया गया है, जिससे बूट स्पेस पहले से ज्यादा हो गया है। इसकी लंबाई 4,360 मिमी, चौड़ाई 1,795 मिमी और ऊंचाई 1,655 मिमी है। नई विक्टोरिस में 1.5 लीटर का 4-सिलेंडर के15 नैचुरली एस्पिरेटेड इंजन मिलेगा, जिसे बायोगैस के अनुरूप अपग्रेड किया गया है। कंपनी के अनुसार, इसका माइलेज मैनुअल वर्जन में 21.18 किमी/लीटर और ऑटोमैटिक में 21.06 किमी/लीटर तक रहेगा। स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वर्जन में टोयोटा का 1.5 लीटर पेट्रोल-इलेक्ट्रिक इंजन लगा है, जो 28.56 किमी/लीटर का माइलेज देने का दावा करता है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 10.50 लाख रुपये है।

बता दें कि सीबीजी ईंधन को सीएनजी से अलग और अधिक टिकाऊ माना जा रहा है। जहां सीएनजी जीवाश्म ईंधनों से प्राप्त नॉन-रिनूवल स्त्रोत है, वहीं सीबीजी जैविक अपशिष्ट जैसे कृषि अवशेष, मवेशियों के गोबर और नगरपालिका कचरे से तैयार किया जाता है। इससे न केवल प्रदूषण कम होता है, बल्कि यह एक नवीकरणीय ईंधन होने के कारण कार्बन साइकिल को भी संतुलित रखता है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए सीबीजी का रणनीतिक महत्व और भी बढ़ जाता है। सुजुकी ने इस दिशा में 450 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जिसमें बायोगैस प्लांट भी शामिल है।



## नायरा बनर्जी ने बताया एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का सच

एक्ट्रेस नायरा बनर्जी ने द फ्री प्रेस जर्नल के साथ एक्सक्लूसिव बातचीत में फ़िल्म इंडस्ट्री को लेकर कई बातें बताई हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे शुरुआत में उन्हें महिला होने के नाते अलग-अलग तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इंटरव्यू में नायरा कहती हैं- मेरा पहला फोटोशूट था और मैं छोटी बच्ची की तरह क्यूट पोज देती थी। लेकिन फोटोग्राफर मुझसे कहते कि तुमने क्या रिया सेन को देखा है? उसकी आंखों को देखो, उसके पोज देने के तरीके को देखो। मैं उस समय मात्र 16 साल की थी। और वो मुझे कहते कि रिया की तरह पोज करो।

नायरा बताती है कि उस दौरान उनकी मां वहां मौजूद थीं और उनका रिएक्शन था कि फोटोग्राफर कह क्या रहे हैं? फोटोग्राफर मेरी मां से कहते कि मैडम वो फिल्म इंडस्ट्री में आ रही है इसलिए उसे ये सब करना होगा। अगर वह ऐसे पोज देगी और हॉट दिखेगी तो उसे जल्दी ही फिल्में मिल जाएंगी। इसी इंटरव्यू में जब उनसे इंडस्ट्री में मिलने वाले कंप्रोमाइज ऑफर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया- 'मुझे भी इस तरह के कॉल आते थे। मुझे कमिटमेंट नाम की एक अजीब चीज के लिए कॉल आते थे। जो डायरेक्टर के साथ एक तरह का समझौता होता था। मैं सोचती थी कि कमिटमेंट क्या होता है? मेरी मां के सामने तो कोई मुझे ये नहीं बताता था, लेकिन जब क्रू मेंबर मुझे स्क्रिप्ट देने आते थे, तो वो कुछ इस तरह का इशारा करते थे। एक बार मुझे अचानक से कॉल आया और मैं गुस्सा गई और बोली कि अपनी मां को भेजो, अपनी बहन को भेजो या फिर खुद जाओ। नायरा के करियर की बात करें तो उन्होंने कम उम्र में ही इंडस्ट्री में एंट्री ले ली थी। अब तक वो हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ इंडस्ट्री में काम कर चुकी हैं। इसके अलावा वो टीवी का भी जाना माना नाम हैं। वो दिव्य दृष्टि, पिशाचिनी जैसे शो के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में वो नीरज पांडे की वेब सीरीज खाकी द बंगाल चैप्टर में नजर आई थीं।



## इमरान हाशमी-यामी गौतम की हक से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी वर्तिका सिंह


बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी और यामी गौतम की आगामी फिल्म हक बहुत जल्द रिलीज होने वाली है। इस फिल्म से पूर्व मिस यूनिवर्स इंडिया-सुपरमॉडल वर्तिका सिंह बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही है।सुपर्ण वर्मा इस फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं। इस फिल्म में वर्तिका एक ऐसी महिला की भूमिका निभाएंगी जो भावनात्मक रूप से बहुत मजबूत है। वह 'द फैमिली मैन' और 'राणा नायडू' जैसी वेब सीरीज में अपने संजीदा अभिनय के लिए जानी जाती हैं। फिल्म में अपने रोल के लिए वर्तिका ने काफी ट्रेनिंग ली। उन्होंने कई भाषा के जानकारों से उनके किरदार के लिए बोलने का लहजा सीखा। कई वर्कशॉप भी लीं। वर्तिका सिंह लखनऊ की रहने वाली हैं। इस फिल्म की शूटिंग लखनऊ में भी हुई है। मेकर्स का कहना है कि इस रोल के लिए वह बिलकुल परफेक्ट थीं। वर्तिका सिंह ने 2019 में मिस यूनिवर्स इंडिया का खिताब अपने नाम किया था। उन्होंने मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता के 68वें संस्करण में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इससे पहले उन्हें 2015 में फेमिना मिस इंडिया ग्रैंड इंटरनेशनल का ताज पहनाया गया। जीक्यू मैगजीन ने उन्हें 2017 में भारत की सबसे खूबसूरत महिलाओं में शुमार किया था।

फिल्म हक की कहानी साल 1985 के प्रसिद्ध शाह बानो बनाम अहमद खान केस से प्रेरित है, जो महिला अधिकारों और सामाजिक न्याय की दिशा में एक मील का पत्थर माना जाता है। फिल्म में यामी गौतम शाह बानो का किरदार निभा रही हैं, जबकि इमरान हाशमी उनके पति मोहम्मद अहमद खान की भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म हक को सुपर्ण एस वर्मा ने डायरेक्ट किया है। इसमें शीबा चड्ढा, दानिश हुसैन और असीम हट्टंगडी जैसे कलाकार भी हैं। यह फिल्म 7 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

इस फिल्म की कहानी मशहूर जर्नलिस्ट जिग्ना वोरा की बुक बानो-भारत की बेटी पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद जिग्ना वोरा ने कहा था कि फिल्म में सभी कलाकारों ने अपने-किरदार के साथ न्याय किया है। ख   ासकर इमरान हाशमी और यामी गौतम ने बहुत अच्छी एक्टिंग की है। इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स, इंसोम्निया फिल्म्स और बावेजा स्टूडियोज ने मिलकर प्रोड्यूस किया है।

## बिहार की राजनीति पर एक्शन फिल्म लेकर आएंगे सोनू सूद


सोनू सूद का नाम एक बार फिर से सुर्खियों में लौट आया आ है। सोनू अब बिहार की सामाजिक और राजनीतिक स्थिति पर बेस्ड नई फिल्म बनाने जा रहे हैं। उन्होंने खुद इस फिल्म की स्क्रिप्ट पूरी कर ली है और इसके निर्देशन के साथ ही मुख्य भूमिका भी निभाएंगे। सोनू सूद ने कहा... यह फिल्म एक्शन बेस्ड होगी। बिहार मेरे दिल के बहुत करीब है। मैंने यहां पलते-बढ़ते राज्य की राजनीति और सामाजिक पहलुओं को नजदीक से देखा और समझा है। यह कोई डॉक्यूमेंट्री या राजनीतिक ड्रामा नहीं होगी, बल्कि मनोरंजक और रोमांचक फिल्म होगी। हम पिछले 7-8 महीनों से फिल्म की डिटेलिंग पर काम कर रहे हैं। जल्द ही मैं इसका बड़ा ऐलान करूंगा। सोनू की पिछली निर्देशन फिल्म फतेह थी, जो एक ग्रिट्टी एक्शन फिल्म थी। वे फिल्मों को केवल पैसे कमाने का जरिया नहीं मानते। उन्होंने कहा... मेरे लिए दर्शक सिर्फ ऑडियंस नहीं हैं, वे मेरे लिए एक बड़े परिवार की तरह हैं। उनके साथ बहुत गहरा रिश्ता है। मैं उन्हें केवल मुनाफे के नजरिए से नहीं देखता। बता दें कि कोविड-19 महामारी के दौरान सोनू सूद ने हजारों लोगों की मदद की थी। सोनू की पिछली निर्देशन फतेह थी, जो एक एक्शन फिल्म थी



## कुब्रा सैत को याद आए अपने पुराने दिन

एक्ट्रेस कुब्रा सैत ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक भावनात्मक पोस्ट के ज़रिए साल 2009 की अपनी यादों का पिटारा खोलते हुए अपने दर्शकों को बताया कि किस तरह उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी कॉर्पोरेट नौकरी छोड़कर अपने सपनों की तलाश में मुंबई का रुख किया था। मुझे याद है मेरा पोर्टफोलियो दुबई में मिस इंडिया वर्ल्डवाइड में 'मिस पर्सनैलिटी' जीतने के कुछ समय बाद ही एक बेहतर इंसान और फ़ोटोग्राफ़र सुनिथ श्याम ने बनाया था और अपनी उस पहली तस्वीर को मैंने फ्रेम करवाया था। यह ज़िंदगी की वो पहली सीढ़ी थी, जिसे मैंने अभी जिया भी नहीं था। हालांकि सालों बाद, जब मैंने फ्रेम बदलना चाहा, तो कांच तस्वीर से चिपक चुकी थी और तस्वीर निकालते समय उसका एक हिस्सा वहीं रह गया, बिलकुल यादों की तरह। कुछ हिस्से धुंधले हो जाते हैं, कुछ साथ रह जाते हैं, लेकिन उस तस्वीर में शुरू हुई हिम्मत आज भी कायम है। कुब्रा सैत की यह पोस्ट अपनी सच्चाई और भावनात्मक गहराई के साथ दर्शकों के दिलों को इस कदर छू गई है कि वे उनके मुरीद बन गए हैं। साथ ही कभी नए सफर की शुरुआत का प्रतीक रही वह पुरानी तस्वीर अब उनकी उपलब्धियों और साहस की गवाह बन चुकी है। सच कहें तो अपनी बोल्ड चॉइसेज़ और असली अंदाज़ के लिए जानी जाने वाली कुब्रा ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उनमें नरमी भी है, और यही उनकी असली ताकत है। गौरतलब है कि हाल ही में काजोल के साथ द ट्रायल सीज़न 2 में नज़र आई कुब्रा सैत ने अपने पहले रियलिटी शो राइज़ एन्ड फॉल के साथ अपना डेब्यू किया है और वे जल्द ही अपनी अगली फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में नज़र आएंगी।





## धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करेंगे भुवन बाम

पॉपुलर इन्फ्लूएंसर और कॉमेडियन भुवन बाम जल्द ही बॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं। वो धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म कुकू की कुंडली में दिखेंगे। हाल ही में भुवन ने धर्मा प्रोडक्शन के साथ फिल्म का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया और अपने डेब्यू की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की है। भुवन बाम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से कॉन्ट्रैक्ट की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है, सपने देखो दोस्तों, पूरे हो जाते हैं। इसके आगे कमेंट पिन कर भुवन ने लिखा, आपके सपोर्ट के बिना ये मुमकिन नहीं होता, हमेशा आपकी दुआएं चाहिए। भुवन की पोस्ट में लगातार सेलेब्स और फैंस की बधाइयां आ रही हैं। एक्टर राजकुमार राव ने पोस्ट पर कमेंट कर लिखा है, बहुत बहुत मुबारक मेरे भाई। अंकल आंटी की दुआओं और तुम्हारी कड़ी मेहनत का फल है।

### वामिका गब्बी के साथ नजर आएंगे

भुवन बाम ने धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म कुकू की कुंडली साइन की है। फिल्म में उनके साथ वामिका गब्बी नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन शरण शर्मा कर रहे हैं, जो इससे पहले जान्हवी कपूर स्टारर फिल्में मिस्टर एंड मिसेज माही और गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल डायरेक्ट कर चुके हैं। बॉलीवुड डेब्यू से पहले भुवन बाम ने जियो हॉटस्टार की सीरीज ताजा खबर से ओटीटी और एक्टिंग डेब्यू किया था। फिल्म कुकू की कुंडली के अलावा भुवन बाम के बाद अमेजन प्राइम वीडियो की अपकमिंग सीरीज द रिवोल्यूशनरी भी है, जो साल 2026 में रिलीज होने वाली है।



इसमें भुवन के साथ रोहित सराफ, लापता लेडीज फेम एक्ट्रेस प्रतिभा रांटा, जेसन शाह और गुरफतेह पीरजादा भी अहम किरदारों में होंगे। 22 जनवरी 1994 को जन्में भुवन बाम ने साल 2015 में अपना यूट्यूब चैनल शुरू किया था। वो टीटू मामा, बबलू, बनछोड़दास, अदरक बाबा, मिस्टर होला, पापा मकीचू जैसे किरदार निभाकर काफी पॉपुलर हुए थे। वो छोटे से कमरे में अपने मोबाइल फोन से वीडियो रिकॉर्ड करते थे। यूट्यूब में बढ़ती पॉपुलैरिटी के साथ ही उन्होंने साल 2016 में म्यूजिक वीडियो तेरी मेरी कहानी लॉन्च किया, जिसमें उन्होंने खुद आवाज दी थी। आगे उनके संग हूं तेरे, सफर, राहगुजर, बस में, अजनबी और हीर रांझा जैसे गाने बनाए। बढ़ती पॉपुलैरिटी के चलते भुवन को दिव्या दत्ता के साथ शॉर्ट फिल्म प्लस माइनस में कास्ट किया गया था, जिसके लिए उन्होंने फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला था।



## इंडस्ट्री को पता है कि मैं कहीं नहीं जाने वाला

**मुन्ना भाई एमबीबीएस, जॉली एलएलबी और गोलमाल जैसी फिल्मों में अपने हास्य किरदारों से पहचान बनाने वाले अरशद वारसी अब एक नई राह पर हैं। अपनी नयी फिल्म भागवत- चैप्टर वन राक्षस में वह एक ईमानदार पुलिस अफसर की भूमिका में दिखे।**




### भागवत चैप्टर वन पर बोले अरशद

इस फिल्म पर बात करते हुए अरशद वारसी साफ कहते हैं, 'मुझे थ्रिलर फिल्में बहुत पसंद हैं। यकीन मानिए, ये स्क्रिप्ट मुझे सच में बहुत पसंद आयी। आमतौर पर फिल्मों में एक अच्छा आदमी होता है और एक बुरा, फिर आखिर में वो बुरा पकड़ा जाता है और कहानी खत्म। लेकिन असल जिन्दगी में कहानी यहीं खत्म नहीं होती। असली लड़ाई तो उसके बाद शुरू होती है, जब केस चलता है, सबूत जुटाने पड़ते हैं और सच्चाई साबित करनी होती है। इस फिल्म में मुझे ये बात बहुत दिलचस्प लगी कि मेरा किरदार एक ऐसे अपराधी के पीछे है जो इतना चालाक है कि कोई सुराग नहीं छोड़ता। उसे पकड़ना लगभग नामुमकिन है। जब मैंने कहानी सुनी, तो मुझे लगा कि यह फिल्म वाकई कुछ अलग है।'

### सही कास्टिंग का असर

अरशद मानते हैं कि एक अच्छी फिल्म की आधी जीत उसकी कास्टिंग में होती है। वो कहते हैं, मेरे लिये अच्छी कास्टिंग आधा युद्ध जीतने के बराबर है। अगर सही अभिनेता को सही किरदार मिल जाये, तो फिल्म अपने आप बेहतर हो जाती है। इस फिल्म में जीतेंद्र (पंचायत फेम एक्टर) ने कमाल का काम किया है। इससे बेहतर कोई इसे नहीं निभा सकता था। सच कहूं तो मैं इस मौके के लिये बहुत आभारी हूं।

### कॉमेडियन की छवि और गंभीर किरदार

किरदार पर बात करते हुए अरशद ने कहा, 'कॉमेडी करने वाले अभिनेताओं के साथ यह दिक्कत यह होती है कि जब वो गंभीर किरदार करते हैं, तो लोग उन्हें मजाक में लेते हैं। दर्शकों को गंभीर किरदारों में कॉमेडियन छवि वाला अभिनेता हजम नहीं होता। कई कलाकारों के साथ ऐसा हुआ है, लेकिन खुशकिस्मती से मैंने यह दीवार तोड़ दी। शुरुआत में मैं भी थोड़ा डरा हुआ था कि लोग मुझे स्वीकार करेंगे या नहीं, पर शहर फिल्म के बाद मेरा आत्मविश्वास बढ़ गया। अब मैं किसी भी तरह के रोल को लेकर सहज हूं।'

### इंडस्ट्री और अनुभव की सच्चाई

अपने 27 साल के अनुभव पर अरशद बेबाकी से कहते हैं, इतने वर्षों में मैंने ये सीखा है कि आप कितना भी अच्छा काम कर लो, अगर फिल्म नहीं चलती तो कोई नहीं पूछता। लेकिन अगर फिल्म चल जाये, चाहे एक्टिंग औसत ही क्यों न हो, तो सब कुछ बदल जाता है। 'जॉली एलएलबी' की सफलता पर वो मुस्कुराते हुए कहते हैं, 'काफी वर्षों से इस इंडस्ट्री में हूं तो अब इन चीजों का मुझ पर असर नहीं होता। अब सफलता-असफलता से खासा फर्क नहीं पड़ता। इंडस्ट्री को भी पता है कि मैं कहीं जाने वाला नहीं हूं। आज नहीं तो कल एक हिट दे ही दूंगा।'

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in